हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, गुरुवार 9 अप्रैल 2026

तापमान

अधिकतम 38.1 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# गृहमंत्री का कांफ्रेंस हॉल बना पुलिस कमिश्नर का ठिकाना, एसीपी को मिला एचएम का दफ्तर

गृहमंत्री के कार्यालयीन अफसर-कर्मियों के कार्यालय का इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुलिस कमिश्नर का नया कार्यालय गृहमंत्री विजय शर्मा के सिविल लाइंस स्थित सी-3 बंगले में शिफ्ट हुए एक महीना बीत चुका है। पुलिस कमिश्नर का कार्यालय फिलहाल गृहमंत्री के ऑफिस स्टाफ के कार्यालय में संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में करीब 22 कमरों में पुलिस कमिश्नर कार्यालय संचालित है। करीब पांच से छह कमरे में रायपुर पुलिस कमिश्नर कार्यालय से संबंधित पुराने रिकार्ड, जो एसपी कार्यालय में थे, उन्हें लाकर रखा गया है। गृहमंत्री का आवासीय परिसर फिलहाल खाली है।

खास खबर

आवासीय परिसर को लेकर पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला का कहना है कि जरूरत के हिसाब से आवासीय परिसर का भी ▶▶|शेष पेज 13 पर

### डीएसबी समेत कई कार्यालय शिफ्ट होंगे

*आने वाले दिनों में डीएसबी कार्यालय पुलिस कमिश्नर कार्यालय में शिफ्ट किया जाएगा। इसके अलावा ओएम शाखा से लेकर कई अन्य विभाग नए कार्यालय में शिफ्ट होंगे। इन नए कार्यालयों को गृहमंत्री के आवासीय परिसर में शिफ्ट किया जाना है। आवासीय परिसर में नए कांफ्रेंस हॉल के साथ अन्य विभागों को शिफ्ट किया जाना है।*

आने वाले समय में पुलिस लाइन से संबंधित सभी ऑफिस और डीएसबी कार्यालय नए पते पर शिफ्ट होंगे



### पुलिस कमिश्नर को मिला कांफ्रेंस हॉल

*गृहमंत्री के पुराने बंगले के कांफ्रेंस हॉल को वर्तमान में पुलिस कमिश्नर का दफ्तर बनाया गया है। इसी तरह गृहमंत्री जिस हॉल को अपने कार्यालय के रूप में इस्तेमाल करते थे, उस हॉल में अब असिस्टेंट पुलिस कमिश्नर का ऑफिस है। गृहमंत्री के बंगले का उपयोग कैसे करना है, इस बात का निर्णय पुलिस कमिश्नर लेंगे।*

### सभी विभाग एक जगह होने पर काम में आएगी तेजी

पुलिस लाइन, डीएसबी कार्यालय, ओएम शाखा से लेकर पुलिस कमिश्नरी से सबंधित सभी कार्यालय एक जगह सेंट्रलाइज्ड होने से समय की बचत के साथ काम में तेजी आएगी। संबंधित विभाग के अफसर-कर्मियों को काम पड़ने पर उनकी तत्काल उपलब्धता रहेगी। पुलिस कमिश्नर का कहना है कि पुलिस कमिश्नरी से संबंधित सभी विभागों के कार्यालय स्थापित होने के बाद जगह बचने पर पुलिस मेस का विचार किया जा सकता है।

### सारे रिकार्ड्स जल्द शिफ्ट किए जाएंगे

पुलिस कमिश्नर के अनुसार, कई रिकाड्र्स अभी पुराने एसएसपी कार्यालय तथा पुलिस लाइन में हैं। उन सभी रिकाड्र्स को धीरे-धीरे कर शिफ्ट किया जा रहा है। पुलिस कमिश्नरेट होने के बाद यहां कई और नए विभाग होंगे। पुलिस कमिश्नर का कार्यालय आईजी ऑफिस से बड़ा रहेगा। पुलिस कमिश्नर कार्यालय को व्यवस्थित होने में और दो-तीन महीने का समय लग सकता है।

## खबर संक्षेप

### नौकरी दिलाने का झांसा फरार आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। सिविल लाइंस थाने में दर्ज नौकरी दिलाने का झांसा देकर 2.34 करोड़ रुपए ठगी करने के मास्टर माइंड को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। ठगी के



आरोप में पुलिस ने नई दिल्ली द्वारिका से सुनील प्रताप को गिरफ्तार किया है। सुनील ने गिरोह बनाकर पोस्ट ऑफिस में नौकरी दिलाने का झांसा देने के साथ एमबीबीएस तथा बीएमएस की फर्जी डिग्री बेची है। सुनील के लोकल साथी भुनेश्वर बंजारे, नरेश मनहर, हीरा दिवाकर, राकेश रात्रे, दिल्ली निवासी साक्षी सिंह और अंकित तिवारी को पुलिस पूर्व में ही गिरफ्तार कर चुकी है।

### जमीन के साथ अब ड्रोन से रखेंगे नजर



रायपुर। पुलिस कमिश्नरेट के उत्तर क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने डीसीपी मयंक गुर्जर ने ड्रोन से निगरानी करने निर्देश दिए हैं। उत्तरी क्षेत्र के गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में पुलिस ने ड्रोन से एक डेमो भी पेश किया है। अपराधियों पर नकेल कसने सहित सुरक्षा व शांति व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए बदमाशों के खिलाफ ऑपरेशन कालचक्र अभियान चलाने डीसीपी ने निर्देश दिए हैं।

### बारिश की गतिविधि में आज से कमी

रायपुर। पिछले आठ दिनों से राज्य में चल रही बादल-बारिश की गतिविधि में गुरुवार से विराम लगने की संभावना है। इसके बाद गर्मी में तेजी दिखेगी, हालांकि उत्तरी इलाके में गर्मी का प्रभाव बढ़ने में थोड़ा वक्त लगने के आसार हैं। इस बात का अनुमान लगाया जा रहा है कि अगले दो-तीन दिन में राज्य का अधिकतम पारा 40 डिग्री से ऊपर हो जाएगा। अप्रैल का पहला सप्ताह कम गर्मी के साथ गुजर गया है, मगर अब राज्य में गर्मी का प्रभाव बढ़ने की संभावना है। राज्य के मौसम को प्रभावित करने वाली तंत्रिका अब आगे बढ़ चुकी है, जिसकी वजह नीचे उतरा पारा पुनः ऊपर की ओर चढ़ने की संभावना बन रही है।

पीड़ित पूरी रात डर के मारे झाड़ियों में छिपे रहे, सुबह थाने पहुंचकर दर्ज कराई रिपोर्ट

# सड़क किनारे खड़े परिवार को बदमाशों ने घेरा लूटपाट, छेड़छाड़, झाड़ियों में छिपे रहे पीड़ित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी पुलिस को बदमाश लगातार चुनौती दे रहे हैं। ऐसे ही एक प्रकरण में शादी समारोह से लौट रहे एक परिवार के लोगों को अज्ञात बाइक सवार पांच बदमाशों ने बंधक बनाकर नकदी 20 हजार रुपए के साथ सोने की चेन तथा उनकी दो बाइक लूट ली और फरार हो गए। महिला तथा युवती ने बदमाशों पर छेड़खानी करने के आरोप लगाए हैं।

- घटना मुजगहन थाना क्षेत्र की

बदमाशों ने महिला तथा युवती को अपनी बाइक पर बैठाकर अपने साथ जबरन ले जाने की भी कोशिश की। बदमाशों के डर से परिवार पूरी रात झाड़ियों के बीच छिपा रहा। सुबह थाने पहुंचकर पीड़ितों ने लूट तथा मारपीट की शिकायत दर्ज कराई। घटना मंगलवार-बुधवार दरमियानी रात की है। देवी सिंह ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि वह तथा उसके एक अन्य रिश्तेदार परिवार की एक युवती बाइक से दो अन्य के साथ दतरेंगा जा रहे थे। सेजबहार के पास उनकी बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया। इसके बाद उन लोगों ने अपने एक अन्य रिश्तेदार को कॉल कर पेट्रोल लाने कहा। पेट्रोल के इंतजार में चारों सड़क किनारे खड़े थे। इस दौरान दो बाइक पर पांच बदमाश सड़क किनारे खड़े लोगों के पास पहुंचे और उनसे वहां खड़े होने का कारण पूछे। इस दौरान एक बदमाश ने महिला के गले से चेन छीन ली। विरोध करने पर एक बदमाश ने देवी सिंह के एक पुरुष रिश्तेदार के सिर पर डंडे से हमला कर दिया। दूसरे बदमाश ने देवी सिंह पर चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद चाकू की नोक पर बदमाशों ने लूटपाट मचाई।

### महिला, युवती को जबरन ले जाने की कोशिश

पिंकी सोनी ने आरोप लगाया कि बदमाशों ने उसके तथा उसकी दीदी के साथ छेड़खानी की। साथ ही देवी सिंह तथा एक अन्य को जान से मारने की धमकी देकर बदमाशों ने पिंकी तथा उसकी दीदी को जबरन बाइक में बैठाकर ले जाने की कोशिश करने लगे। इसी आपाधापी में पिंकी ने एक बदमाश के हाथ से चाकू छीन लिया और वह अपनी दीदी के साथ तेजी के साथ भागकर झाड़ियों के बीच जा छिपी। इस दौरान मौका देख बदमाश देवी तथा उसके एक अन्य रिश्तेदार को घायल अवस्था में छोड़ उनकी दोनों बाइक लेकर मौके से फरार हो गए।



### सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल में जुटी पुलिस

सुबह घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस तथा क्राइम ब्रांच की टीम घटनास्थल पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल की। एडीसीपी पश्चिम राहुल देव शर्मा के मुताबिक घटनास्थल के पास बदमाशों के सीसीटीवी फूटेज मिले हैं। पुलिस की टेक्नीकल टीम बदमाशों की पहचान करने में जुटी है। एडीसीपी ने बदमाशों की जल्द गिरफ्तारी का दावा किया है।

### अज्ञात बदमाशों ने कारोबारी पर किया चाकू से हमला

रायपुर। तेलीबांधा थाने में एक कारोबारी ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ गाली-गलौज से मना करने पर चाकू से जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चाकूबाजी की घटना बुधवार देर शाम की है। मोबाइल कारोबारी गोंविंद निचलानी ने थाने में चाकूबाजी की शिकायत दर्ज कराई है।



कारोबारी ने पुलिस को बताया कि वह एक परिचित युवती के साथ दो अलग-अलग दोपहिया से जा रहे थे। इस दौरान दोपहिया सवार दो बदमाशों ने युवती के साथ गाली-गलौज किया। विरोध करने पर अज्ञात बदमाशों ने गोंविंद पर नशे में होने का आरोप लगाते हुए उसके साथ झूमाझटकी की और चाकू से हमला कर फरार हो गए। घटना श्यामनगर के पास की है।

# भैरव सोसायटी में दो करोड़ की गड़बड़ी, 13 साल पुराना केस, अब हुई गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राष्ट्रीय खनिज विकास निगम कर्मचारी सहकारी गृह निर्माण समिति के 13 साल पुराने प्रकरण में तत्कालीन लिक्विडेटर, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक राजकुमार नायडू को ईओडब्ल्यू ने गिरफ्तार किया है। नायडू पर आरोप है कि उसने समिति के कर्मचारियों के लिए आवंटित 70 में से 13 प्लाट नियम विरुद्ध निरस्त कर अन्य को कलेक्टर दर से निर्धारित कम दाम पर किसी अन्य को बिक्री कर दिए।

घोटाला सामने आने के बाद राजकुमार नायडू को निलंबित कर दिया गया। निलंबित होने के बाद भी नायडू द्वारा मई 2012 में 15 लाख रुपए गबन किए जाने का आरोप है। जांच में पाया गया कि राजकुमार नायडू की नियुक्ति राष्ट्रीय खनिज विकास निगम कर्मचारी सहकारी गृह निर्माण समिति की भैरव सोसायटी में नियुक्ति होने के बाद उसने जिस दिन जिन लोगों के 13 प्लाट निरस्त किए थे, उसी दिन अन्य लोगों के नाम पर प्लाट आवंटित कर दिए। इससे सहकारी समिति को 2.04 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ।

### जितनी राशि का नुकसान, उतना मुनाफा कमाया

नायडू की कृत्य से समिति को जितनी राशि का नुकसान हुआ, उतनी राशि का नए सदस्यों को अनुचित लाभ मिलने का आरोप है। जांच एजेंसी के अनुसार, प्लाट के विक्रय से प्राप्त संपूर्ण राशि को समिति के बैंक खाते में भी जमा नहीं कराया गया। साथ ही सोसायटी द्वारा रोड एवं सार्वजनिक कार्य हेतु आरक्षित भूखंड को भी नायडू द्वारा बेचे जाने का आरोप है।

### आरक्षित भूखंड एक ही परिवार के तीन लोगों को बेच दिया

समिति द्वारा सार्वजनिक कार्य के लिए आरक्षित भूखंड को भी नायडू द्वारा एक ही परिवार के 3 सदस्यों को बेचने का आरोप है। साथ ही प्लाट खरीदने वालों एक करोड़ रुपए का अनुचित लाभ पहुंचाकर समिति को नुकसान पहुंचाने का आरोप है। ईओडब्ल्यू कोर्ट से पुलिस रिमांड हासिल कर राजकुमार नायडू से पूछताछ कर रही है। नायडू के खिलाफ आईपीसी की धारा 409, 420, 120-बी तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा के तहत जांच एजेंसी ने अपराध दर्ज किया है।

# कृष्णकुंज के पास पाइपलाइन क्षतिग्रस्त मोवा इलाके में जलसंकट से हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- बुधवार को दिनभर पानी के लिए परेशान रहे वार्डवासी
- मरम्मत का काम पूरा, गुरुवार सुबह होगी सामान्य जल आपूर्ति
- दोनों पालियों में निगम की जल आपूर्ति ठप

राजधानी के तेलीबांधा थाने के पास कृष्णकुंज वाले इलाके में मंगलवार के रात्रि ढाई बजे पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से पीने का साफ पानी पाइप फूटने से घंटों बेकार बहता रहा। इसके चलते मंडी पानी टंकी से जुड़े रहवासी इलाकों के अलावा अवंति विहार, मोवा, दलदल सिवनी, सड्डू, कचना में बुधवार सुबह और शाम वार्डवासियों के यहां जल आपूर्ति ठप रही। जल विभाग की टीम द्वारा पाइपलाइन की मरम्मत देर रात शुरू होने से सुबह के समय मंडी पानी टंकी नहीं भर पाई, इससे संबंधित इलाकों में पेयजल की समस्या बनी रही। वहीं दलदल सिवनी, मोवा, कचना और सड्डू की पानी टंकियों में जलभराव प्रभावित होने से कम प्रेशर के साथ जल आपूर्ति से लोग परेशान रहे।



दरअसल जोन-9 के बड़े इलाके में बुधवार को दोनों पालियों में नगर निगम की जल आपूर्ति बिना सूचना के ठप रहने से लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। जल विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, तेलीबांधा इलाके में कृष्णकुंज के पास टॉवर के लिए खुदाई करते 700 एमएम लाइन की पाइपलाइन रात्रि में 2.30 बजे क्षतिग्रस्त हो गई। अचानक पाइपलाइन डैमेज होने से पीने का साफ पानी फिजूल बहता रहा। सूचना मिलने पर टीम भेजी गई, पर ▶▶|शेष पेज 13 पर

# किराए के भवन, अपर्याप्त फैकल्टी, फिर भी नर्सिंग कॉलेज को मान्यता की सिफारिश, रजिस्ट्रार सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

फैकल्टी की कमी, स्वयं के भवन का अभाव सहित आईएनसी के मापदंडों को पूरा नहीं करने के बाद भी राज्य में निजी नर्सिंग कॉलेजों का संचालन हो रहा है। ऐसे कॉलेजों को मान्यता देने की सिफारिश करने के आरोप में नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल की रजिस्ट्रार दुर्गावती उसारे (कुंजाम) को निलंबित कर दिया गया है। उन पर वित्तीय अनियमितता, शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाने, पद का दुरुपयोग और शासन को भ्रमित करने के आरोप भी हैं। शासन ने रजिस्ट्रार को निलंबित करने और शासकीय जीएनएम कॉलेज कांकेर के प्रभार से मुक्त कर रायपुर सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ करने का आदेश मंगलवार को जारी किया है। रजिस्ट्रार दुर्गावती पर अनियमितता को लेकर कई तरह के आरोप लगे हैं। इसके अलावा उन पर मुख्य आरोप है कि कमियां होने के बाद भी कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर निजी नर्सिंग कालेजों को पंजीयन के लिए सीजीएनआरसी के अध्यक्ष को प्रस्तावित किया था। बड़ी संख्या में ▶▶|शेष पेज 13 पर

- वित्तीय अनियमितता, शासन को आर्थिक क्षति, पद के दुरुपयोग का आरोप भी

खास खबर

### नर्सिंग छात्राओं के पंजीयन के बाद आया मामला

करीब 6 महीने पहले नर्सिंग की पढ़ाई पूरी कर चुकी छात्राओं के सीजीएनआरसी में पंजीयन का मामला सामने आया था। नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल की रजिस्ट्रार की सिफारिश के साथ फाइल हस्ताक्षर के लिए अध्यक्ष के पास भेजा गया था। सीजीएनआरसी के अध्यक्ष तथा आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं संजीव ने हस्ताक्षर से पहले छात्राओं के विभिन्न दस्तावेज और संबंधित कॉलेजों के बारे में जानकारी मांगी थी। जानकारी देने में कोताही बरतने के बाद रजिस्ट्रार को भी जांच के दायरे में लाया गया था।

### किराए का भवन, कम फैकल्टी वाले 50 कॉलेज

विभिन्न शिकायतों और पिछले साल विधानसभा में विधायक अनुज शर्मा के कमियों पर उठाए गए सवालों के बाद निजी नर्सिंग कॉलेजों की जांच कराई गई थी। फरवरी 2026 के सत्र में उनके सवाल पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि कमेटी गठित कर 128 निजी कॉलेजों की जांच कराई गई थी। इनमें से 50 कॉलेज इंडियन नर्सिंग काउंसिल की मान्यता को पूरा नहीं कर रहे थे। इन कॉलेजों में ना तो पर्याप्त शिक्षक थे, न ही अपना भवन था और न जमीन, हास्पिटल अथवा पर्याप्त लैब, हॉस्टल और लाइब्रेरी जैसी कमियां भी थीं। जांच रिपोर्ट में इन कॉलेजों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की सिफारिश की गई थी।


गुरुवार को तय होगी प्रति ट्रिप टैंकर किराए की दर

# किराए के पानी टैंकर चलाने आधा दर्जन ठेकेदारों ने भरी निविदा, दस्तावेज परीक्षण के बाद ठेका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर को टैंकर मुक्त करने का फंडा इस बार भी फिस्स हो गया है। नगर निगम के जल विभाग ने गर्मी के सीजन को देखते हुए जलसंकट प्रभावित इलाकों में किराये के टैंकर से पानी आपूर्ति के लिए ऑनलाइन टेंडर किया है। इस टेंडर में आधा दर्जन ठेकेदारों ने दिलचस्पी लेते हुए भाग लिया। बुधवार को संबंधित ठेकेदारों के लिफाफे खोलकर दस्तावेज परीक्षण किया जा रहा है। गुरुवार को सबसे कम रेट कोड करने वाली ठेका एजेंसी को ट्रिप के आधार पर किराए के पानी टैंकर चलाने का जिम्मा सौंपा जाएगा। पिछले साल की गर्मी में प्रति ट्रिप किराए के टैंकर की दर 495 रुपए तय की गई थी, इस बार डीजल-पेट्रोल के बढ़े दामों को देखते हुए प्रति ट्रिप टैंकर किराए की दर बढ़कर 525 रुपए तक होना अनुमानित है।

- पिछले बार 495 रुपए प्रति ट्रिप की दर, इस बार 50 रुपए बढ़ सकती है



### फैक्ट

- किराए के पानी टैंकर पर जल विभाग का कुल खर्च डेढ़ से दो करोड़
- 6 ठेकेदारों ने भरी निविदा किराये के पानी टैंकर चलेंगे
- एक दिन में एक टैंकर से दस ट्रिप पानी आपूर्ति की शर्त
- क्राइसिस वाले इलाके में भेजे जाएंगे किराए के टैंकर

### प्रति ट्रिप दर तय होगी

किराए के पानी टैंकर चलाने ऑनलाइन टेंडर हुआ था, 6 ठेकेदारों ने कोटेशन दिया है, दस्तावेजों का परीक्षण कर रहे हैं। सबसे न्यूनतम दर वाली एजेंसी को प्रति ट्रिप टैंकर किराए के लिए अनुबंधित किया जाएगा। पिछले साल 495 रुपए की दर से स्वीकृति दी गई थी।

- नरसिंग फरेंद्र, ईई, जल विभाग, ननि रायपुर

### वार्डवार मंगाई सूची, टैंकर के लिए तय होंगे पाइंट

जल विभाग ने महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर जल विभाग अध्यक्ष संतोष-सीमा साहू के साथ मिलकर नगर निगम के दस जोन से जलसंकट संभावित क्षेत्रों की वार्डवार सूची मंगाई है। साथ ही किस क्षेत्र में कितने पानी टैंकर की जरूरत होगी, कौन-कौन से संभावित इलाके पाइंट के रूप में बनाए जाएंगे, इसके लिए वार्ड पार्षदों के माध्यम से जानकारी ली जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, किराए के पानी टैंकर आउटर के वार्डों में चलाए जाएंगे। प्रति ट्रिप दर तय होते ही संबंधित जोन से वर्कआर्डर जारी किए जाएंगे।

WE ARE HIRING

Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER

Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City

We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026

हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

# खरीफ के लिए सहकारी समितियों में पहुंची खाद, पर वैश्विक संकट, इसलिए अभी उठाव पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आगामी खरीफ फसल की तैयारी शुरू कर दी गई है। किसानों को सहकारी समितियों से ऋण जारी किए जा रहे हैं। साथ ही किसानों को उनके खेती के रकबे के अनुसार खाद भी दिया जाता है, लेकिन अभी उर्वरकों के वैश्विक संकट को देखते हुए खाद वितरण पर रोक लगा दी गई है। अधिकारियों के अनुसार संभाग स्तरीय बैठक के बाद इस पर निर्णय लिया जाएगा। बताया गया है कि कृषि विभाग इस संबंध में एक सॉफ्टवेयर तैयार कर रहा है, इसके बाद खाद वितरित किया जाएगा। बताया गया है कि खरीफ सीजन में उर्वरकों का वितरण एग्रीस्टेक पोर्टल में दर्ज रकबे के आधार पर होगा। यदि इसमें किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है तो अन्य कृषकों को पर्याप्त उपलब्धता के दृष्टिगत दिए जाना सुनिश्चित किया जाएगा। समितियों में किसान ऋण की स्वीकृति कराने की प्रक्रिया पूरी करने पहुंच रहे हैं। कई समितियों में खाद उपलब्ध होने के बाद भी उन्हें अभी नहीं दिया जा रहा है। समिति प्रबंधकों का कहना है कि अभी शासन से खाद वितरित किए जाने से मना किया गया है। शासन खाद वितरण को लेकर अलग से आदेश जारी करेगा।

- खरीफ सीजन के लिए ऋण की स्वीकृति शुरू
- उर्वरकों का वितरण एग्रीस्टेक पोर्टल में दर्ज रकबे के आधार पर किया जाएगा



### छत्तीसगढ़ में 7.48 लाख मीट्रिक टन खाद उपलब्ध

आगामी खरीफ सीजन 2026 के लिए छत्तीसगढ़ को केंद्र सरकार द्वारा 15.55 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का लक्ष्य आवंटित हुआ है। वर्तमान में गोदामों एवं समितियों में लगभग 7.48 लाख मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है, जिसमें यूरिया 2,43,717 मीट्रिक टन, डीएपी 1,05,631 मीट्रिक टन, एनपीके 1,69,109 मीट्रिक टन, एमओपी 50,431 मीट्रिक टन और एसएसपी 1,78,657 मीट्रिक टन इस तरह कुल 7.48 लाख मीट्रिक टन खाद स्टॉक में है।

### खाद के लिए समितियों के चक्कर लगा रहे किसान

*खरीफ सीजन के ऋण वितरण के लिए सामान्य साख सीमा तैयार कर किसानों को ऋण वितरण किया जाना है। ऋण के रूप में किसानों को 70 प्रतिशत नकद और 30 प्रतिशत वस्तु.के रूप में दिए जाने का फरमान जारी किया गया है। किसानों को ऋण के नकद भुगतान के लिए समिति में बी-1 की नकल, ऋण पुस्तिका, किसान क्रेडिट कार्ड, चेकबुक और बैंक पासबुक लेकर आना होगा। फिलहाल ऋण की स्वीकृति के लिए किसान समितियों में जुट रहे हैं। किसान खाद के लिए समितियों का चक्कर लगा रहे हैं। उठाव का आदेश जारी होने पर ही खाद दी जाएगी।*

## खबर संक्षेप



### संदीप यदु ने ली रेडक्रास सोसाइटी की सदस्यता

**रायपुर।** जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के समक्ष बुधवार को जिला पंचायत उपाध्यक्ष संदीप यदु ने रेडक्रॉस सोसाइटी में वार्षिक सदस्य के रूप में सदस्यता ली। कलेक्टर ने सदस्यता राशि ग्रहण की। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी एक स्वतंत्र मानव समाजसेवी संस्था है, जो आपदा एवं संकट की परिस्थितियों में पीड़ितों की सहायता के लिए समर्पित है। संस्था द्वारा भूकंप, आग, बाढ़ एवं सूखा जैसी प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के साथ-साथ प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता अभियान तथा रक्तदान शिविरों का नियमित आयोजन किया जाता है।

### भरण-पोषण की राशि पत्नी को नहीं देने पर बर्खास्त करने आयोग करेगा अनुशंसा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने एक प्रकरण में सुनवाई करते हुए पुलिस आरक्षक को निर्देश दिए हैं कि वह अपनी पत्नी को भरण-पोषण के लिए हर महीने राशि उपलब्ध कराएं, नहीं तो उसकी सेवा समाप्त करने के लिए डीजीपी को पत्र लिखकर अनुशंसा की जाएगी। आयोग में आवेदिका ने शिकायत की थी कि उसका पति राजधानी रायपुर के तेलीबांधा थाने में पदस्थ है। वह अपने पति से दो साल से अलग रहती है, लेकिन उसका पति उसके भरण-पोषण के लिए कोई राशि नहीं देता है।

## कांग्रेस जिलाध्यक्षों की बैठक, आधा दर्जन जिलों में कार्यकारिणी नहीं बन पाई

# कार्यकारिणी गठित नहीं होने पर पीसीसी नाराज, एक सप्ताह में पूरा करने का फरमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्षों और प्रभारियों की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन में हुई। बैठक में राज्य के सभी जिलों के अध्यक्ष, पीआर प्रभारी मौजूद थे। वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में जिलाध्यक्षों से बूथ स्तर से लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी की जानकारी मांगी गई, इस दौरान कार्यकारिणी गठन की धीमी प्रक्रिया पर पीसीसी ने कड़ी नाराजगी जताई।

वरिष्ठ नेताओं ने स्पष्ट रूप से कहा, जिला कार्यकारिणी, बूथ कमेटी और पंचायत कमेटियों का गठन तय समयसीमा तक कर लिया जाए। कार्यकारिणी गठन की धीमी प्रक्रिया के चलते संगठन के अन्य टास्क समय पर पूर्ण नहीं हो पा रहे हैं। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री एवं एआईसीसी महासचिव भूपेश बघेल, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, रविंद्र चौबे, ताम्रध्वज साहू, डॉ. शिवकुमार डहरिया सहित संगठन के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।




### कार्यकारिणी गठन पर ये पेंच

बताया जा रहा है कि जिला कार्यकारिणी के गठन में एआईसीसी के निर्देशानुसार केवल 31 ही सदस्यों की अनुमति मिली है, जिसके चलते ही कार्यकारिणी गठन में लेटलतीफी सामने आ रही है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष और स्थानीय वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि बड़े विधानसभा वाले जिलों में सिर्फ 31 सदस्यों की कार्यकारिणी गठन करना मुश्किल है। संगठन के नेताओं में इससे नाराजगी बढ़ेगी, इसलिए लगभग आधा दर्जन जिलों में कार्यकारिणी गठन को रोककर रखा गया है। चर्चा इस बात को लेकर भी है कि कई जिलों में कार्यकारिणी गठन का पेंच स्थानीय वरिष्ठ नेताओं के खींचतान की वजह से भी फंसा हुआ है। एआईसीसी ने जिला कार्यकारिणी गठन की संख्या 51 से घटाकर 31 सदस्यों तक सीमित कर दी है।

### 15 अप्रैल तक करें गठन

इस महत्वपूर्ण बैठक में पीसीसी ने जिलाध्यक्षों पर कड़ी नाराजगी जताते हुए 15 अप्रैल तक जिला कार्यकारिणी और बूथ कमेटी का गठन करने का अंतिम समय दिया है। उल्लेखनीय है कि राज्य की राजधानी रायपुर के शहर और ग्रामीण, बिलासपुर, अंबिकापुर, बलौदाबाजार समेत कई जिलों में कार्यकारिणी का गठन अब तक अटका हुआ है।

### जिलाध्यक्षों को दिए गए टास्क : बैज

बैठक को लेकर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा, एआईसीसी के निर्देश और पीसीसी के मार्गदर्शन में सभी जिलाध्यक्षों को जो जिम्मेदारियां और टार्गेट दिए गए थे, उनकी समीक्षा की गई। बैठक में सभी पदाधिकारियों से वन-टू-वन चर्चा भी की गई। बूथ गठन को लेकर विशेष चर्चा हुई है, वहीं विलेज कमेटियों का गठन तेजी से और बेहतर तरीके से आगे बढ़ रहा है। हालांकि अभी जिला कार्यकारिणी और ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन बाकी है, जिस पर जल्द काम पूरा किया जाएगा। सभी जिलाध्यक्षों को 15 अप्रैल को संगठन को लेकर नया टास्क दिया गया है, जिसके आधार पर आगे की रणनीति तय की जाएगी।

### हिमंता के बयान पर निंदा प्रस्ताव पारित

बैठक में पहला प्रस्ताव असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के खिलाफ निंदा प्रस्ताव के रूप में पारित किया गया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया, उनके बयान से करोड़ों लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंची है।

### मोहसिना किदवई के निधन पर शोक प्रस्ताव

दूसरे प्रस्ताव में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। उनके लंबे राजनीतिक जीवन, कांग्रेस संगठन और देश के प्रति योगदान को याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

## छत्तीसगढ़ के पेंशनरों को महंगाई राहत में वृद्धि जनवरी से मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के लाखों पेंशनरों और परिवार पेंशनरों के लिए खुशखबरी साझा की है। वित्त विभाग द्वारा जारी ताजा आदेश के अनुसार, राज्य शासन के पेंशनरों को देय महंगाई राहत (डीआर) की दरों में पुनरीक्षण किया गया है। यह वृद्धि 1 जनवरी 2026 से प्रभावी होगी।

### वेतनमान के अनुसार नई दरें

शासन द्वारा जारी तालिका के अनुसार, अलग-अलग वेतनमान प्राप्त कर रहे पेंशनरों के लिए वृद्धि इस प्रकार है। सातवें वेतनमान में मूल पेंशन या परिवार पेंशन में 3 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। साथ ही अब कुल महंगाई राहत बढ़कर 58 प्रतिशत हो गई है। छठवें वेतनमान में इस श्रेणी के पेंशनरों के लिए 5 प्रतिशत की वृद्धि स्वीकृत की गई है। अब इन्हें कुल 257 प्रतिशत की दर से महंगाई राहत मिलेगी।

### किनको मिलेगा लाभ

यह आदेश सिविल पेंशनरों के साथ-साथ परिवार पेंशन और असाधारण पेंशन प्राप्त करने वाले व्यक्तियों पर भी लागू होगा। वृद्ध पेंशनरों को मिलने वाली अतिरिक्त पेंशन पर भी यह महंगाई राहत देय होगी। जिन पेंशनरों ने अपनी पेंशन का एक हिस्सा सारांशीकृत कराया है, उन्हें महंगाई राहत उनकी मूल पेंशन (सारांशीकरण के पूर्व वाली राशि) पर ही दी जाएगी ।

### भुगतान के निर्देश

वित्त विभाग ने राज्य के सभी कोषालय अधिकारियों और पेंशन वितरण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे संशोधित दरों के आधार पर पेंशनरों को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करें। भुगतान की गणना करते समय यदि राशि रुपयों के अपूर्ण भाग (पैसे) में आती है तो उसे अगले रुपये में पूर्णांकित किया जाएगा।

आई-गॉट साधना सप्ताह के अंतर्गत छत्तीसगढ़ मिशन कर्मयोगी कार्यशाला

# आई-गॉट में सभी विभागों को ऑन-बोर्ड होना जरूरी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्य सचिव विकासशील ने राज्य शासन के सभी विभाग के प्रमुख अधिकारियों से कहा है कि वे मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत आई-गॉट ट्रेनिंग कार्यक्रम से अपने विभाग को अनिवार्य रूप से ऑन-बोर्ड कर लें। उन्होंने कहा, सभी विभाग ऑन-बोर्ड हो जाएं।

मुख्य सचिव ने सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को भी अपने मोबाइल के माध्यम से ऑन-बोर्ड होने को कहा है। राज्य शासन के सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को उनकी आवश्यकतानुसार विभागीय स्किल डेवलपमेंट के लिए प्रशिक्षित किया जा सकेगा। मुख्य सचिव ने सभी विभाग प्रमुखों से कहा है कि वे अपने-अपने विभाग की आवश्यकता के अनुसार अधिकारी-कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कोर्स तय कर लें, जिससे उन्हें प्रशिक्षित किया जा सके। आई-गॉट प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत साधना सप्ताह के मौके पर सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी को कर्मयोगी मिशन के तहत प्रशिक्षण देने कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में राज्य शासन के विभागों के प्रमुख अधिकारी सहित विभागीय सचिव, संयुक्त सचिव, उपसचिव, अवर सचिव, अनुभाग अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम में सभी जिलों के प्रमुख अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए शामिल हुए।

## आधी आबादी की अनदेखी करना तानाशाही : आप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आगामी डिजिटल जनगणना के अंतर्गत 16 अप्रैल से 30 मई तक भौतिक सत्यापन के लिए निर्धारित 33 बिंदुओं में अन्य ओबीसी वर्ग के लिए अलग से कॉलम नहीं होने पर आम आदमी पार्टी ने आपत्ति जताई है। आप आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष उत्तम जायसवाल ने बुधवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा, सरकार ओबीसी वर्ग के लिए दोहरा मापदंड अपना रही है। मंडल आयोग (1980) के अनुसार देश में ओबीसी की आबादी 52% बताई गई थी।

- आम आदमी पार्टी का कहना, जनगणना में ओबीसी के लिए हो पृथक कॉलम

देश की आधी आबादी की अनदेखी समझ से परे है। पिछड़े समाज के विकास की बात करने वाली केंद्र और राज्य सरकार इस मामले में असहाय क्यों नजर आ रही है। सरकार पिछड़ों को सिर्फ वोट बैंक बनाकर रखना चाहती है। राजपत्र के बिंदु क्रमांक 12 में अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए स्पष्ट कॉलम दिया गया है, लेकिन ओबीसी वर्ग की गणना के लिए कोई प्रावधान नहीं रखा गया है।

### सही संख्या सामने आना कठिन

प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर ने कहा कि एक ओर केंद्र सरकार जातिगत जनगणना कराने की घोषणा करती है, तो दूसरी ओर राजपत्र से ओबीसी का कॉलम नहीं रखना समाज के साथ अन्याय है। बिना पृथक कॉलम के ओबीसी वर्ग की सही संख्या कैसे सामने आएगी। पिछड़ों को उनके अधिकार से वंचित रखने की सरकार की साजिश है। भारत देश एकता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है, जिसे केंद्र की भाजपा सरकार मिटाने पर तुली हुई है। प्रदेश सचिव अनुषा जोसेफ, पलविंदर सिंग पन्नू, शकील खान ने भी इस पर आपत्ति जताई।

## सरकारी कर्मचारियों का इलाज करेंगे प्रायवेट अस्पताल, इंपैनल्ड के लिए करना होगा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- राज्य के भीतर एवं बाहर के हास्पिटल्स को 2027-28 में दी जाएगी



राज्य के शासकीय कर्मचारियों का इलाज प्रायवेट अस्पताल करेंगे। वर्ष 2027-28 की सूची में शामिल होने इन अस्पतालों को 31 मई तक आवेदन करना होगा। आवेदन के आधार पर चिकित्सा शिक्षा विभाग की टीम इन अस्पतालों में जाकर मौजूद सुविधाओं का निरीक्षण करेगी। इंपैनल्ड लिस्ट में राज्य के भीतर के साथ बाहर के हास्पिटल शामिल होते हैं।

राज्य शासन द्वारा शासकीय कर्मचारियों और उनके आश्रित परिवार को शासकीय के साथ निजी अस्पतालों में इलाज की सुविधा दी जाती है। इसके लिए बकायदा चिकित्सा शिक्षा विभाग सुविधायुक्त अस्पतालों का चयन कर उन्हें इलाज के लिए मान्यता प्रदान करता है। वर्तमान में इस सूची में सौ से ज्यादा हास्पिटल शामिल हैं। पंजीकृत अस्पतालों की सूची में आने के लिए इन अस्पतालों को संचालक चिकित्सा शिक्षा के नाम पर आवेदन करना होगा। आवेदन के साथ उन्हें अस्पताल की श्रेणी के आधार पर तय शुल्क जमा करना होगा। आवेदन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद विभागीय अमला इन अस्पतालों में जाकर मौजूद सुविधाओं का निरीक्षण करेगा। जिन अस्पतालों के पास आवेदन में दर्ज सुविधाएं नहीं होंगी, उन्हें मान्यता नहीं दी जाएगी और न उनका शुल्क वापस होगा।

### 50 हजार से 3 लाख तक शुल्क

आवेदन करने वाले अस्पतलों को मान्यता के पहले निरीक्षण के लिए पचास हजार से तीन लाख रुपए तक शुल्क देना होगा। इसमें जीएसटी के अलावा सिंगल बोर्ड स्पेशलिटी हास्पिटल 20 से 50 बिस्तर के लिए 50 हजार, सिंगल सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल 20 से 50 बेड के लिए 1 लाख, मल्टी बोर्ड स्पेशलिटी हास्पिटल 30 से 100 बेड के लिए 1.50 लाख, मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल 30 से 100 बेड के लिए 2 लाख तथा मल्टी बोर्ड, सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल 100 से 200 बेड के लिए 3 लाख तथा डेंटल हास्पिटल के लिए 1 लाख रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है।

### कैशलेस उपचार की घोषणा

राज्य सरकार द्वारा घोषित बजट में शासकीय कर्मचारियों और पेंशन भोगियों के लिए कैशलेस उपचार योजना की घोषणा की है। इसके लिए बजट में 100 करोड़ का प्रावधान भी किया गया है। कैशलेस ट्रीटमेंट की इस स्कीम के बाद इलाज करने वाले हास्पिटलों की सूची में और अधिक हास्पिटलों के शामिल होने की संभावना है। वर्तमान में इस लिस्ट में राज्य के तमाम बड़े प्रायवेट और दूसरे राज्यों के नामी हास्पिटल शामिल हैं।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक सेरीखेड़ी, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**:: आम सूचना ::**

जारी दिनांक 02.04.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सेरीखेड़ी, प.ह.नं. 77 रा.नि.म. सेरीखेड़ी, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में आवेदक सरोजनी साहू पति बालमुकुंद साहू, सा. तुलसी द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 49/2 रकबा 0.060 हे. का सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र. ..... / अ-12/ वर्ष 2026 आदेश दिनांक 02.04.2026 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन/बटांकन हेतु स्थल निरीक्षण दिनांक 15.04.2026 को समय 11.00 AM बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करे। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन/बटांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक सेरीखेड़ी**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-18, कांदुल तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.)**

**-:: आम सूचना ::-**

**जारी दिनांक 02/04/2026**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम कांदुल प.ह.न. 83, रा.नि.मं- रायपुर- 18 कान्दुल तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में आवेदिकागण श्रीमती कलावती साहू पति टंकेश्वर साहू, श्रीमती यमुना साहू पति रामानुज साहू निवासी जेल लाईन रायपुर छ.ग. द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 237/4 रकबा 0.0170 हे. भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र.- / / वाचक /अति. तहसीलदार/ 2025 रायपुर दिनांक 16/02/2026 के परिपालन में आवेदिकागण की भूमि का सीमांकन दिनांक 22/04/2026 को किया जाना नियत है । अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/ आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है । सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

सो सूचना जानें। **राजस्व निरीक्षक रायपुर-18, कांदुल**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-18, कांदुल तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.)**

**-:: आम सूचना ::-**

**जारी दिनांक 02/04/2026**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम कांदुल पहन-83, रा.नि.मं- रायपुर 18 कान्दुल तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में आवेदक देवा बाघ निवासी ग्राम कांदुल रायपुर छ.ग. द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 237/6 रकबा 0.0280 हे. भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र.- / वाचक /अति. तहसीलदार / 2026 रायपुर दिनांक 12/03/2026 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक 22/04/2026 को किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा / आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/ आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

सो सूचना जानें। **राजस्व निरीक्षक रायपुर-18, कांदुल**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-18, कांदुल तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.)**

**-:: आम सूचना ::-**

**जारी दिनांक 02/04/2026**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम कांदुल प.ह.न.-83, रा.नि.मं- रायपुर 18 कान्दुल तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में आवेदक रमेश कुमार शर्मा, रामानुज शर्मा पिता देवी प्रसाद शर्मा निवासी एन-10 दौलत स्टेट डंगनिया रायपुर छ.ग. द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 237/2 रकबा 0.2100 हे. भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./ / वाचक/अति.तहसीलदार/ 2025 रायपुर दिनांक 18/02/2026 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक 22/04/2026 को किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा / आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

सो सूचना जानें। **राजस्व निरीक्षक रायपुर-18, कांदुल**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती सुलभा गुप्ता पति श्री सुशील कुमार गुप्ता निवासी मकान नंबर-302, मदर प्राईड, स्कूल के पास, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) ने विक्रेता राजेन्द्र मोदी पिता श्री केदारनाथ मोदी निवासी हाउस नंबर- टी 2, ग्रीन पैराडाइस, विशाल नगर, राम मंदिर के पीछे, तेलीबांधा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के हक, कब्जे एवं स्वामित्व की चंद्रा आईकॉन नाम बहुमंजिला व्यवसायिक परिसर कंडोमिनियम में दुकान / आफिस / हाल क्रमांक 21 जिसका बिल्टअप एरिया 1136 वर्गफुट अर्थात 105.57 वर्गमीटर जो कि द्वितीय तल में स्थित है जिसका परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 228/5, 228/7, 226/7, 227/7, जिसका नया खसरा नंबर 226/9, 15020/1 एवं खसरा नंबर 228/4, 228/6, 226/7, 227/7 जिसका नया खसरा नंबर 226/10, 15019/1 कुल रकबा 0.329 हे. अर्थात 35472 वर्गफुट है जो वाके मौजा ग्राम तेलीबांधा, प.ह.न.- 64, रा.नि.मं.- रायपुर, तहसील जिला रायपुर छ.ग. में स्थित है को विक्रय करने का सौदा पक्का कर ब्याना की राशि विक्रेता ने मेरे पक्षकार से प्राप्त कर लिया है मात्र विक्रय विलेख का पंजीयन एवं निष्पादन किया जाना शेष है।

यह कि उपरोक्त क्रय विक्रय पर यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, बोर्ड, प्राधिकरण निगम, केन्द्र शासन, राज्य शासन, साहूकार आदि को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज के इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर प्रस्तुत करें। समाचार पत्र में प्रकाशन के माध्यम से कि गई आपत्ति / खंडन स्वीकार योग्य नहीं होगी। निर्धारित समयावधि पश्चात विक्रयपत्र की लिखा-पढ़ी एवं रजिस्ट्री करा ली जावेगी उस दशा में प्राप्त आपत्ति झूठी एवं नाजायज करार दी जावेगी तथा वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

अतः ताकिद जाने।

**रायपुर (छ.ग.)**
**दिनांक 07.04.2026**

**भवदीय**
**अमर यादव, अधिवक्ता**
**पता- केशरी गली के पीछे, संजय नगर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**
**मो.न.-9300200848**

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### पॉल हत्याकांड के फरार तीन आरोपी 3 साल बाद गिरफ्तार

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा क्षेत्र में हुए बहुचर्चित जितेंद्र पाल हत्याकांड में तीन साल से फरार चल रहे तीन आरोपियों को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया गया है। हत्याकांड पुरानी रंजिश का नतीजा था, जिसमें मृतक जितेंद्र पाल को चाकू से 22 से 23 वार कर मौत के घाट उतारा गया था। पुलिस ने आरोपी फेन्टा उर्फ फिरन्ता पारधी, मनोज उईके और ईशु उईके को पकड़ लिया है।
पुलिस के अनुसार, पिछले तीन साल से ये आरोपी दूसरे राज्यों में अपनी पहचान छिपाकर रह रहे थे। हत्याकांड का मास्टर माइंड रवि उईके पहले ही जबलपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया था और उसे रायपुर पुलिस के हवाले किया गया। जांच में सामने आया कि मृतक जितेंद्र पाल ठेकेदारी का काम करता था और पुराने विवाद के कारण इस जघन्य घटना को अंजाम दिया गया।तिल्दा थाना में इस मामले में हत्या समेत कई गंभीर धाराओं में FIR दर्ज की गई है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के खिलाफ सभी पहलुओं की जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई कर आरोपियों को न्यायलय में पेश किया जहा से सभी को जेल भेज दिया गया

### ई-केवाईसी में अव्यवस्था से महिलाएं हो रहीं परेशान

**कूंरा।** महिला एवं बाल विकास विभाग धरसीवां-2 में ई केवाईसी प्रक्रिया को लेकर अव्यवस्था और महिलाओं को हो रही परेशानी का मामला सामने आया है। मंडल कांग्रेस कमेटी धरसीवां के अध्यक्ष साहिल खान ने इस संबंध में परियोजना अधिकारी को लिखित शिकायत सौंपते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत में कहा गया है कि ई केवाईसी के नाम पर क्षेत्र की महिलाओं को गुमराह किया जा रहा है और उन्हें बार-बार कार्यालयों तथा च्वाइस सेंटरों के चक्कर कटवाए जा रहे हैं। इससे महिलाओं को अनावश्यक मानसिक और शारीरिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई महिलाएं दूर-दराज के क्षेत्रों से आने को मजबूर हैं, बावजूद इसके उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो महिला एवं बाल विकास विभाग धरसीवां-2 कार्यालय का घेराव किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विभाग की होगी।

### राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग में प्रतीक को दो रजत पदक

**आरंग।** अरंग क्षेत्र के युवा खिलाड़ी प्रतीक चंद्राकर ने राष्ट्रीय



पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो रजत पदक अपने नाम किए हैं। उन्होंने अपनी श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर द्वितीय स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। प्रतीक की इस उपलब्धि के पीछे उनके कोच मानिक ताम्रकार का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिनके मार्गदर्शन में उन्होंने यह सफलता हासिल की। प्रतीक चंद्राकर की इस उपलब्धि से पूरे अरंग क्षेत्र में खुशी का माहौल है और खेल प्रेमियों द्वारा उन्हें लगातार बधाइयां दी जा रही हैं। युवा खिलाड़ी प्रतीक ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच, परिवार और समर्थकों को देते हुए कहा कि उनका अगला लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करना है।

### आत्मानंद स्कूल समोद में प्रवेश प्रक्रिया कल से

**आरंग।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल समोदा में प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया 10 अप्रैल से प्रारंभ होगी। प्रवेश प्रक्रिया हेतु पोर्टल पर आवेदन ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से किया जा सकेगा। एक विद्यार्थी एक ही स्कूल के लिए आवेदन कर सकता है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 5 मई 2026 है। 6 से 10 मई 2026 के बीच सीटों का आवंटन किया जाएगा। 11 मई से 15 मई तक प्रवेश की कार्यवाही की जाएगी। अधिक आवेदन आने पर लॉटरी के माध्यम से निर्णय लिया जाएगा।

# लखौली के कृषि केंद्रों की जांच में 80 मीट्रिक टन अवैध खाद जब्त

## खरीफ सीजन में किसानों को बेहतर खाद-बीज उपलब्ध करवाने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

खरीफ सीजन 2026 के पहले ही शासन और प्रशासन ने किसानों को गुणवत्तायुक्त खाद, बीज और कीटनाशक उपलब्ध कराने के लिए सख्त रुख अपनाना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में कृषि विभाग एवं जिला प्रशासन रायपुर के निर्देश पर जिलेभर में संचालित कृषि केन्द्रों का सघन औचक निरीक्षण लगातार जारी है। निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है, जिससे स्पष्ट है कि इस बार किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। 06 अप्रैल को जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल और क्षेत्रीय निरीक्षकों ने विभिन्न कृषि केन्द्रों की जांच की। इस दौरान मेसर्स इंदु कृषि केन्द्र (लखौली, आरंग), मेसर्स मिश्रा कृषि केन्द्र (रवेली, अभनपुर) एवं मेसर्स प्रयाग कृषि केन्द्र (पण्डरभट्टा, धरसींवा) में अनियमितताएं पाई गईं। इन केन्द्रों पर उर्वरक विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाते हुए नोटिस जारी किया गया। इसके बाद 08 अप्रैल 2026 को लखौली में एक बड़ी कार्रवाई सामने आई, जहां मेसर्स सुन्दरम बीज भंडार द्वारा अवैध गोदाम में उर्वरक भंडारण किया जा रहा था। जांच में यह कृत्य उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के खंड 7 का उल्लंघन पाया गया। इस पर विभाग ने सख्ती दिखाते हुए 79.69 मीट्रिक टन उर्वरक को जब्त कर लिया और नियमानुसार खंड 29(3) के तहत कलेक्टर, जिला रायपुर को इसकी सूचना प्रेषित की गई।यह पूरी कार्रवाई कृषि विकास अधिकारियों एवं उर्वरक निरीक्षकों सुरेश कुमार साहू, राजू दास, पदमेश कुंदन शर्मा एवं मानस चौधरी की टीम द्वारा की गई।



### किसानों को राहत मिलेगी

प्रशासन की इस सक्रियता से स्पष्ट है कि किसानों को किसी भी प्रकार की मिलावटी या अवैध सामग्री से बचाने के लिए सख्त निगरानी रखी जा रही है।कृषि विभाग ने संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में भी इस तरह की औचक जांच जारी रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वाले केन्द्रों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इससे जिले के किसानों में भरोसा बढ़ा है कि उन्हें खरीफ सीजन में सही और प्रमाणित कृषि सामग्री उपलब्ध हो सकेगी।

## नेता प्रतिपक्ष ने लगाए कई आरोप, विकास और स्वच्छता कार्यक्रम फेल, जनता परेशान

# पालिका में कमीशनखोरी का आरोप में अध्यक्ष का पुतला फूंका, की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

नगर पालिका अभनपुर के नागरिको को नगर की समस्याओ को लेकर पालिका के नेता प्रतिपक्ष एवं अभनपुर भाजपा मंडल के नेतृत्व मे अभनपुर बस स्टैण्ड मे धरना प्रदर्शन कर नगर पालिका अध्यक्ष का पुतला फूंका एवं पालिका कार्यालय पहुंचकर भैस के सामने बीन बजाकर उग्र प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की गई। इस दौरान पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे एवं सीएमओ व इंजीनियर कोई भी जवाबदार अधिकारी पालिका मे मौजूद नही थे इसके चलते, तहसीलदार श्वेता शुक्ला ज्ञापन लेने पहुंची थी। आंदोलन के दौरान किसी अप्रिय स्थिती से निपटने के लिए भारी संख्या मे पुलिस बल मौजूद रही।

### सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा

इस दौरान नेता प्रतिपक्ष रूपनारायण साहू एवं मंडल अध्यक्ष भरत बैस ने उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुये कहा कि नगर की आमजनता बड़े ही आशा विश्वास के साथ नगर पालिका अध्यक्ष बनाया था लेकिन उनकी कार्यशैली से आज नगर की जनता त्राहीमान कर रही है ,नगर मे पेयजल की समस्या,सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है जगह जगह नाली जाम व कचरे का ढ़ेर लगा हुआ है वार्डो मे आधे से अधिक जगहो पर पीने का पानी नही पहुंच रहा है आम जनता इन समस्याओ को लेकर पालिका पहुंचती है लेकिन वहा कोई सुनने वाला नही है पालिका अध्यक्ष ऑफिस टाइम खत्म होने के बाद कार्यालय पहुंचते है उस दौरान माताये बहने अपने रात की भोजन की तैयारी कर रही होती है,अधिकारियो का भी नैतिक जिम्मेदारी होती है कि वह वार्डो मे जाकर विजिट करे लेकिन नगर वासियो को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है,नगर मे विकास के लिए भाजपा सरकार व विधायक द्वारा विकास मे सहयोग देने के लिए हर संभव प्रयास किया जाता है लेकिन पालिका मे बैठे प्रतिनिधियो के ओछी मानसिक ता के चलते विकास होने नही दिया जा रहा है ,विभिन्न निर्माण कार्यो के लिए भेजे गये पैसे का टेंडर होने के बाद भी कमीशनखोरी के चक्कर मे वर्क आर्डर नही दिया जाता। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि नगर पालिका मे पार्षदो के बजाय पार्षद प्रतिनिधियो द्वारा खुलेआम कार्या मे हस्तक्षेप किया जाता है उन्हे नीतिगत निर्णयो से शामिल होने से रोका जाये,साफ सफाई की व्यवस्था को देखते हुये 15 वित्त आयोग से जेसीबी मशीन खरीदकर सफाई व्यवस्था को दुरूस्त किया जाये।



मंडल अध्यक्ष भरत बैस ने कहा कि गांव मे बहुत ही सीमित संसाधन मे पेयजल व साफ सफाई की व्यवस्था की जाती है लेकिन यहां शासन द्वारा करोड़ो रूपये की राशि मिलने के बावजूद नगर मे जनता मूलभूत सुविधाये उपलब्ध नही हो पाना यह शर्मनाक है,नगर पालिका अध्यक्ष उत्रसेन को जगाने के लिए आज भैस के आगे बीन बजाकर प्रदर्शन किया गया है स्थिती मे सुधार नही होने पर आगे उग्र आंदोलन की चेतावनी दिया है। इस मौके पर पार्षद मीना साहू,चंपा लेदेकर,गब्बू धुरव,पूर्व पार्षद राजा राय,लिलेश सिन्हा,सूरज साहू,मुकेश ढीढी,प्रवीण बजाज,वरूण राठी,लौटन गिलहरे,डॉ एसके चन्द्राकर,मन्नु सिन्हा,ईश्वर पटेल,वेदप्रकाश ठाकुर,समीर यदु,लोकेश साहू,देवेन्द्र वर्मा,शिवनारायण बघेल,सागर साहू,सीता साहू,सरिता चन्द्राकर,रानू शर्मा,चेतना गुप्ता,शारदा साहू,राधिका धीवर,पवन सिन्हा,पूजा बघेल,आकाश साहू,लाला राम पाल,गोयल भट्ट,देवहुति साहू आदि लोग शामिल रहे।

## बाइक से 4.25 लाख का गांजा किया बरामद, आरोपी न्यायिक हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा

तिल्दा नेवरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। ऑपरेशन "निश्चय" के तहत कार्रवाई करते हुए बुधवार को पुलिस ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है।। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से करीब 4 लाख 25 हजार रुपये कीमत का गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई को नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एक बड़ी सफलता माना जा रहा है।जानकारी के मुताबिक तिल्दा नेवरा पुलिस को गोपनीय सूचना प्राप्त हुई कि मोसा क्रमांक सीजी 04 डी.आर. 5280 में दो व्यक्ति एक सूटकेस और बैग में मादक पदार्थ गांजा रखे है जो खरोरा की ओर से तिल्दा होकर सांकरा जाने वाले है । सुचना मिलते हि पुलिस सक्रिय हो गई और पुलिस की एक टीम जोता रेल्वे फाटक के पास पहुंच गई । कुछ ही देर में दी गई जानकारी अनुसार एक मोटर साइकल पर दो लोग आते दिखे ,,लेकिन पीछे बैथे युवक की पुलिस पर नजर पड गई,पुलिस को देखते ही उसने मोटर साइकल से छलांग दी और खोटो की तरफ भाग गया .लकिन गाड़ी चला रहे युवक को घेरा बंदी कर पुलिस ने पकड़ लिया जिसके पास मिले



सूटकेस व बैग की तलाशी लेने पर मादक पदार्थ 8 किलो 500 ग्राम गांजा कीमती 4,लाख 25,रू को जप्त किया गया ।आरोपी के विरुद्ध उपरोक्त घटना सदर का अपराध पाये जाने पर धारा 20(बी) नारकोटिक एक्ट का प्रकरण कायम किया गया। आरोपी मोसा चालक गुमान माण्डले को न्यायिक रिमांड पर केन्द्रीय जेल रायपुर में दाखिल किया गया। तिल्दा पुलिस के द्वारा पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज के द्वारा चलाये जा रहे आपरेशन निश्चय के तहत लगातार अवैध मादक पदार्थ गांजा व अवैध शराब पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। आज कार्रवाई निरीक्षक रमाकान्त तिवारी थाना प्रभारी तिल्दा नेवरा के निर्देशन में उप निरीक्षक अरूण कुमार भोई व तिल्दा नेवरा पुलिस टीम के द्वारा सफलता पूर्वक की गई ।जेल गया गांजा तस्कर गुमान माण्डले पिता लखन माण्डले उम्र 22 साल पता तिल्दा नेवरा थाना के ग्राम सांकरा का रहने वाला है।

# तिल्दा में बायपास की मांग, 13 को मंत्री बंगले के घेराव का कांग्रेस ने किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा

तिल्दा-नेवरा। शहर में बाईपास सड़क निर्माण की मांग को लेकर कांग्रेस ने बड़ा आंदोलन करने का ऐलान किया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 13 अप्रैल को छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री टंकराम वर्मा के तिल्दा स्थित बंगले का घेराव करने की घोषणा की है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि तिल्दा-नेवरा शहर में लगातार यातायात का दबाव बढ़ता जा रहा है, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बाईपास सड़क का निर्माण लंबे समय से लंबित है, लेकिन इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है। इसके साथ ही कांग्रेस ने शहर की कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं।

कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया कि शहर में घरेलू गैस की अवैध रूप से रिफिलिंग की जा रही है और गैस सिलेंडर खुलेआम ब्लैक में बेचे जा रहे हैं, जिससे आम उपभोक्ताओं को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं, सट्टा कारोबार भी धड़ल्ले से संचालित हो रहा है।



जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा की चुनाव से पहले मंत्री टंक राम वर्मा द्वारा तिल्दा में बाईपास सड़क बनाने की घोषणा की गई थी, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस निर्णय नही लिया जा रहा है। शहर में ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह अस्त-व्यस्त है। आए दिन एक्सीडेंट हो रहे है ,जिसमे कई लोगो की आकाल मौत हो चुकी है. पप्पु बंजारे ने नगर पालिका अध्यक्ष एवं अध्यक्ष पति डॉ. खुमानवर्मा पर कई गंभीर आरोप लगाए।

उपरोक्त सभी मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा करने के लिए जिला अध्यक्ष की उपस्थिति में तिल्दा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष अजितेश शर्मा एवं ग्रामीण अध्यक्ष बलदाऊ साहू के द्वरा एक बैठक बुलाई गई जिसमे कांग्रेस नेता रामगिड़लानी मोती हिंदूजा देवादस टंडन नीरज राठी नवीन अग्रवाल ,कांग्रेस के पार्षद शामिल हुए ,जिसमे निर्णय लिया गया की बाईपास सड़क निर्माण की मांग के साथ अन्य सभी मुद्दों को लेकर 13 अप्रैल को लेकर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंक राम वर्मा के तिल्दा स्थित निवास बंगले का घेराव किया जाएगा।

## स्वास्थ्य शिविर एवं योग जागरूकता कार्यक्रम से ग्रामीण लाभान्वित

**आरंग ।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के गरिमामय अवसर पर 7 अप्रैल को आयुष्मान आरोग्य मंदिर नारा में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर उप-स्वास्थ्य केंद्र में एक भव्य निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया, जहाँ आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी डॉ. संगीता धिरहे और सी.एच.ओ. दिव्या बैस ने अपनी सेवाएँ दीं। शिविर में आए ग्रामीणों का न केवल स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, बल्कि उन्हें आयुर्वेद चिकित्सा के लाभ बताते हुए दवाओं और स्वास्थ्य संबंधी पाम्पलेट्स का वितरण भी किया गया ताकि वे स्वस्थ जीवनशैली की बारीकियों को समझ सकें। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण योग




प्रशिक्षक द्वारा आयोजित विशेष योग सत्र रहा, जिसमें उपस्थित जनसमूह को अपनी दिनचर्या में योग को अनिवार्य रूप से शामिल करने की प्रेरणा दी गई। योग सत्र के दौरान प्रशिक्षक ने विशेष रूप से वज्रासन और तितली आसन के अभ्यास पर जोर दिया, जो पाचन और शारीरिक स्फूर्ति के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। इसके साथ ही मानसिक शांति और प्राण वायु के संचार के लिए प्राणायाम और मेडिटेशन (ध्यान) का सामूहिक अभ्यास कराया गया। उपस्थित ग्रामीणों को समझाया गया कि योग और ध्यान के माध्यम से किस प्रकार तनावमुक्त और निरोगी रहा जा सकता है। इस महत्वपूर्ण आयोजन में ग्राम नारा से श्रीमती मीणा जांगड़े विशेष रूप से उपस्थित रहीं, जिन्होंने स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना की। डॉ. संगीता धिरहे ने अपने संबोधन में कहा कि आयुर्वेद और योग हमारी प्राचीन धरोहर हैं और इन्हें अपनाकर हम एक स्वस्थ समाज की नींव रख सकते हैं। पूरे कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया।

### गर्मी मिट्टी के घड़ों की मांग बढ़ी, कुम्हार खुश

**आरंग।** सूर्य की तपिश बढ़ने के साथ ही आरंग क्षेत्र में गर्मी का असर साफ दिखाई देने लगा है। दोपहर के समय लोग घरों से निकलने से बच रहे हैं और ठंडे पेयजल की मांग तेजी से बढ़ गई है। ऐसे में मिट्टी के घड़ों का उपयोग फिर से बढ़ने लगा है। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग कुम्हारों से मिट्टी के घड़े खरीद रहे हैं, क्योंकि घड़े का पानी स्वाभाविक रूप से ठंडा और शुद्ध माना जाता है। इसके चलते स्थानीय कुम्हारों को भी रोजगार मिल रहा है और उनकी आजीविका को सहारा मिल रहा है। वहीं पारागांव की महिलाएं और बालिकाएं प्रतिदिन करीब पांच



किलोमीटर पैदल चलकर आरंग पहुंच रही हैं और यहां घड़े बेच रही हैं। कड़ी मेहनत के बावजूद वे अपने परिवार के लिए आय का साधन जुटा रही हैं। मिट्टी के घड़ों की बढ़ती मांग ने एक बार फिर पारंपरिक संसाधनों की उपयोगिता को साबित किया है।

## युवा कांग्रेस का किसान न्याय सत्याग्रह आंदोलन आज से

**आरंग।** किसानों की समस्याओं और कथित किसान विरोधी नीतियों के विरोध में रायपुर ग्रामीण जिला युवा कांग्रेस द्वारा पांच दिवसीय /"किसान न्याय सत्याग्रह/" का आयोजन किया जा रहा है। यह आंदोलन 9 अप्रैल से आरंभ होकर लगातार पांच दिनों तक चलेगा। युवा कांग्रेस के अनुसार, प्रस्तावित ट्रेड डील और सस्ते आयात के कारण किसानों पर संकट गहराता जा रहा है। इससे फसलों के दाम गिरने, न्यूनतम समर्थन मूल्य कमजोर होने और मंडी व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। इसका सीधा असर छोटे किसानों, डेयरी क्षेत्र और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। किसानों के हक, आत्मनिर्भरता और सम्मान की रक्षा के उद्देश्य से यह सत्याग्रह आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक धरना दिया जाएगा।

## पेज 11 के शेष

### गृहमंत्री का कांफ्रेंस हॉल बना पुलिस कमिश्नर का...

उपयोग किया जाएगा। बंगले के पीछे की तरफ के कमरों में पुराने रिकाड्र्स रखे गए हैं। आने वाले दिनों में अलग से रिकार्ड रूम बनाया जाएगा। अलग रिकार्ड रूम बनने के बाद सभी दस्तावेजों को अलग से सहेजकर रखा जाएगा।

### कृष्णाकुंज के पास पाइपलाइन क्षतिग्रस्त मोवा...

सुबह के समय मंडी पानी टंकी नहीं भरने से संबंधित वार्डों में पानी आपूर्ति प्रभावित रही। डॉ. भीमराव आंबेडकर वार्ड, महात्मा गांधी वार्ड, कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड, पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड, रानी लक्ष्मीबाई वार्ड इससे प्रभावित रहा। संबंधित इलाकों में पानी टैंकर भेजकर लोगों के लिए पेयजल की व्यवस्था की गई। जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेंद्र ने हरिभूमि को बताया कि पाइपलाइन सुधारने का काम पूरा हो गया है। गुरुवार की सुबह प्रभावित इलाकों में सामान्य जल आपूर्ति शुरू हो जाएगी।

### किराए के भवन, अपर्याप्त फैकल्टी, फिर भी...

पंजीयन के लिए आने आए नर्सिंग कॉलेज और पूर्व की शिकायत के आधार पर मामले की जांच की गई तो कमियों के खामियों का पता चला। आरोप है कि कॉलेजों द्वारा प्रस्तुत कूटरचित दस्तावेजों को बिना अन्वेषण पंजीयन कराने की सिफारिश की गई थी। इस मामले में स्वहित में पद का दुरुपयोग करने का मामला भी सामने आया। इसके बाद लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के उल्लंघन का मामला पाते हुए रजिस्ट्रार दुर्गावती उसारे के निलंबित करने का आदेश जारी कर दिया।

# कांग्रेस की बूथ बैठकों में संगठन को मजबूत बनाने एवं जनसंपर्क पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के बूथ गठन कार्यक्रम के तहत संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने की कवायद तेज हो गई है। जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार, धरसींवा मंडल कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष साहिल खान के नेतृत्व में क्षेत्र के पंडरभठ्ठा, मुर्रा, भैसमुड़ा, भेरवा और देवरी जैसे महत्वपूर्ण गांवों में लगातार बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य आगामी चुनौतियों के मद्देनजर पार्टी के आधार स्तंभ यानी बूथ और सेक्टर स्तर के कार्यकर्ताओं को सक्रिय करना और जनसंपर्क अभियान में तेजी लाना है।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए उन्हें एकजुटता का संदेश दिया। उन्होंने सभी को कांग्रेस संगठन को और अधिक प्रभावशाली बनाने का संकल्प दिलाया। अपने संबोधन में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि वर्तमान में युवा, किसान और महिलाएं ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर आम जनता को भाजपा की खामियों से अवगत कराएं और कांग्रेस की जनहितैषी नीतियों का प्रचार करें। मंडल अध्यक्ष साहिल खान ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीढ़ बताते हुए कहा कि बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि कार्यकर्ताओं के समर्पण और मेहनत के बल पर धरसींवा क्षेत्र में कांग्रेस एक अभेद्य किले के रूप में उभरेगी। इन बैठकों में सेक्टर प्रभारियों और बूथ अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नेताओं ने हिस्सा लिया और आने वाले समय में पार्टी को भारी बहुमत से विजयी बनाने का प्रण लिया।



### अभियान में शामिल रहे

इस अभियान के दौरान प्रमुख रूप से नगर पंचायत पार्षद डालेंद्र वर्मा, सरपंच श्रवण वर्मा, महेंद्र साहू, तुका साहू, हृदय साहू, पिलाराम, बाबूलाल, मनोज, शैलू, नारायण, संजू, सोनू, गोपी, जितेंद्र, पोषण, ललित, लीलाधर, रामस्वरूप, अर्जुन, अनिल, सनत, शीत, सतीश, रिंकू, दिवाकर, जीराखन, गुन्ना, मुकेश वर्मा, योगेश्वर वर्मा, नरेन्द्र वर्मा, कोमल चतुर्वेदी, ओमप्रकाश वर्मा, शंकर वर्मा, चुरावण निषाद, तुमनलाल घरवार, रोमन वर्मा, बनतेश्वर वर्मा, योगेश वर्मा और अरुण वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिना टेस्टिंग बिछाई जा रही 4.50 करोड़ की पाइपलाइन, महापौर ने लगाई फटकार

## लभांडी क्षेत्र की नई पानी टंकी से इंटरकनेक्शन का मामला, जल कार्य में लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन-9 क्षेत्र के अंतर्गत लभांडी क्षेत्र में पंद्रहवें वित्त आयोग मद के तहत चल रहे कार्यों का महापौर मीनल चौबे ने बुधवार को जायजा लिया। इस दौरान अनुबंधित एजेंसी कोया एंड कंपनी हैदराबाद के प्रतिनिधि साइट आफिस और लैब के बारे में संतोषजनक जवाब नही दे सके। बिना टेस्टिंग बिछाई जा रही 4.50 करोड़ की पाइप लाइन को लेकर महापौर मीनल चौबे ने अधिकारियों और ठेका एजेंसी के प्रतिनिधि को जमकर फटकार लगाई। वहीं जल कार्यों में लापरवाही को लेकर महापौर भड़क उठीं, औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने यह पाया कि 1600 मीटर पाइपलाइन की टेस्टिंग मार्च माह तक पूरी हो जानी थी, वह काम अधूरा पड़ा है। मौके पर टेस्टिंग की कोई सुविधा भी मौजूद नहीं दिखी।

- 1600 मीटर तक पाइपलाइन टेस्टिंग मार्च तक होनी थी पूरी, काम अधूरा

### बिना तैयारी के चल रहा था काम मौके से उपकरण गायब

लभांडी में नई पानी टंकी में इंटरकनेक्शन और राइजिंग लाइन से टंकी कनेक्ट करने के काम में लापरवाही बरती जा रही थी, औचक निरीक्षण के दौरान महापौर मीनल चौबे ने पाया कि स्थल पर पाइपलाइन का प्रेशर जांचने के लिए बिना तैयारी के काम चल रहा था, मौके पर उपकरण गायब थे। पानी के प्रेशर जांच के लिए आवश्यक हाइड्रो टेस्टिंग पंप और प्रेशर गेज साइट पर उपलब्ध नहीं थे। महापौर ने अधिकारी से सीधे सवाल किया कि जब कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं हो रहा है तो अनुबंधित एजेंसी को 4.50 करोड़ रुपए का भुगतान किस आधार पर हुआ? उन्होंने निर्देश दिया कि कार्यस्थल पर केवल आवश्यक सामग्री ही रखी जाए और अतिरिक्त सामग्री का कोई भी भुगतान नगर निगम की ओर से नहीं किया जाएगा।



### ...तो करेंगे सख्त कार्यवाही

महापौर मीनल चौबे ने निर्माण एजेंसी को तत्काल साइट आफिस और लैब स्थापित करने निर्देश दिए हैं, साथ ही संबंधित अधिकारी को स्पष्ट कहा गया कि गुणवत्ता में समझौता होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल लालबहादुर शास्त्री वार्ड के लभांडी और फुंडहर में पेयजल संकट से जूझ रहे रहवासियों की समस्या दूर करने नगर निगम द्वारा अमृत मिशन के तहत 4 साल पूर्व नई पानी टंकी का निर्माण कराया गया, पर फंड खत्म हो जाने से राइजिंग लाइन से टंकी को कनेक्ट करने और वार्डवासियों के घरों तक इंटर कनेक्शन कर पाइपलाइन बिछाने का काम नहीं हो सका। महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर पंद्रहवें वित्त आयोग मद में लभांडी पानी टंकी से वहां के रहवासियों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने ऑनलाइन टेंडर में हैदराबाद की एजेंसी को इस कार्य के लिए अनुबंधित किया गया है। अनुबंधित एजेंसी को मार्च माह की तक काम पूरा करने के बाद 1600 मीटर पाइपलाइन की टेस्टिंग करनी थी, पर यह काम अधूरा पड़ा है। स्थल निरीक्षण पर पहुंची महापौर मीनल चौबे ने लापरवाही को लेकर अनुबंधित एजेंसी और निगम के संबंधित विभागीय अधिकारी पर नाराजगी जताई। मीनल चौबे ने 4.50 करोड़ रुपए के भुगतान को लेकर अधिकारी को घेरा।

## खबर संक्षेप

### मिठाई कारखाने में गंदगी लगा 10 हजार ई-जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम जोन-2 के स्वास्थ्य विभाग ने रमन मंदिर वार्ड स्थित मिठाई कारखाने में गंदगी मिलने की जनशिकायत सही पाए जाने पर संचालक लोकेश खत्री पर तत्काल 10 हजार रुपए का ई-जुर्माना लगाया । कारखाना संचालक को चेतावनी दी गई कि दोबारा ऐसा हुआ तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन कमिश्नर संतोष पांडे के मार्गदर्शन में जोन स्वास्थ्य अधिकारी रवि लावनिया की उपस्थिति में जोन-2 के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मिठाई कारखाने की स्वच्छता व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वहां गंदगी मिली। जनशिकायत सही पाए जाने पर जोन-2 कमिश्नर के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने कारखाना संचालक पर 10 हजार रुपए ई-जुर्माना किया।

## निधन

### सीआर चौहान

**रायपुर।** श्रीनगर निवास, ग्रेस चर्च सीएनआई, बैरन बाजार के संस्थापक सीआर चौहान (97) का 8 अप्रैल को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 9 अप्रैल को शाम 4.30 बजे उनके निवास स्थान से कैथोलिक कब्रिस्तान के लिए निकलेगी। वे स्व. प्रदीप चौहान, सिरिल चौहान, प्रशांत चौहान एवं प्रतिभा मसीह के पिता तथा डिकास मसीह के ससुर थे।



## सात सौ बेड के एकीकृत भवन सहित तीन बड़ी योजनाओं पर काम शुरू नहीं

# फाइलों में दबी आंबेडकर अस्पताल की पौने चार सौ करोड़ की योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आंबेडकर अस्पताल में आने वाले मरीजों के इलाज की सुविधाओं के विस्तार के लिए बनाई गई पौने चार सौ करोड़ के निर्माण की योजनाएं फाइलों से बाहर नहीं आ पा रही हैं। सात सौ बेड के पुराने सेटअप वाला भवन मरीजों से ओवरलोड हो चुका है, इन्हें राहत देने सात सौ बेड के अतिरिक्त एकीकृत भवन निर्माण के लिए राशि काफी पहले मंजूर हो चुकी है, मगर निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो पाया है। इसी तरह गंभीर और कैंसर के मरीजों के लिए बनाए जाने वाले भवन का निर्माण कार्य शुरू होने का शुभ मुहूर्त काफी समय बीतने के बाद भी नहीं निकल रहा है।

- अस्पताल के सभी विभागों में बढ़ रहे मरीज, लगभग सभी विभाग पड़ रहे छोटे

आंबेडकर अस्पताल में कई विभाग ऐसे हैं, जहां अतिरिक्त वार्ड की बेहद जरूरत है। इन विभागों के वार्डों में मौजूद बिस्तर हमेशा फुल रहते हैं और कई बार स्थिति मरीजों के बीच बेड शेयर करने की बन जाती है। कुछ ऐसा ही हाल यहां आपात चिकित्सा विभाग का है। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए इमरजेंसी में पहुंचते हैं और ट्रामा में हमेशा गहमागहमी की स्थिति बनी रहती है। ऐसा ही हाल कैंसर विभाग (क्षेत्रीय कैंसर संस्थान) का भी है। यहां लगातार बढ़ रहे मरीजों के हिसाब एक मंजिला भवन काफी छोटा पड़ रहा है। मरीजों के साथ आने वाले अटेंडरों के लिए भी यहां पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। इन आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए 322 करोड़ की लागत से सात सौ बेड के एकीकृत भवन, करीब दस करोड़ के व्यय से एल-2 ट्रामा एवं क्रिटिकल केयर यूनिट तथा करीब 40 करोड़ की लागत से कैंसर विभाग के भवन को जी प्लस 7 के रूप में विस्तारित करने की योजना बनाई गई थी। इसके लिए शासन द्वारा राशि मंजूर करने के बाद एजेंसी तय कर निर्माण कार्य शुरू करने की जिम्मेदारी सीजीएमएससी-पीडब्ल्यूडी को दी गई थी। इनके द्वारा टेंडर प्रक्रिया के जरिए निर्माण एजेंसी तय करने सहित अन्य कार्यवाही करने में काफी समय व्यतीत कर दिया गया। किसी भी योजना को आकार देने के लिए अब तक काम शुरू नहीं हुआ है।

### कैसे होगा सुविधाओं का विस्तार?



### आधे में अटकी थी योजना

कैंसर विभाग में मरीजों और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए जी प्लस 7 योजना को मंजूरी दी गई थी। इसका काम शुरू हुआ और जी प्लस वन के बाद विभागीय दखल से इसे रुकवा दिया गया। करीब दो साल पहले इस योजना पर काम शुरू हुआ। राशि मंजूर की गई, इसके लिए एजेंसी तय हुई और काम अटक गया, जो अब तक अधूरा है।

### हॉस्टल का खंडहर जस के तस

एकीकृत भवन बनाने के लिए मेडिकल कॉलेज के पीछे खंडहर के रूप में तब्दील हो चुके हॉस्टल की जगह भवन निर्माण किया जाना है। निर्माण कार्य शुरू करने के लिए इस भवन को ढहाना बड़ा काम है। इस योजना में सीजीएमएससी अब तक टेंडर प्रक्रिया में ही उलझी हुई है। भवन में जिस तरह इलाज की आधुनिक सुविधा जुटाने की योजना बनाई गई है, उसके हिसाब से इसके निर्माण में काफी वक्त लगने की संभावना है।

### जगह के विवाद में फंसा एल-2 ट्रामा

एल-2 ट्रामा के निर्माण के लिए केंद्र सरकार द्वारा कोरोना के पहले 1.10 करोड़ रुपए दिए गए। निर्माण में आने वाले खर्च की शेष राशि राज्य सरकार को वहन करनी थी। इसके निर्माण के लिए पर्याप्त जगह की तलाश में मामला फंसा रह गया। काफी मशक्कत के बाद जगह तय हुई, मगर ट्रामा के ऊपर क्रिटिकल केयर यूनिट की योजना आई और काम अटक गया।

# पुलिस को चकमा देकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने असम के सीएम सरमा का पुतला फूंका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने जोरदार प्रदर्शन किया। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी चौक के पास एकत्रित होकर असम के मुख्यमंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उनका पुतला दहन किया।

- राजीव गांधी चौक पर पुलिस से झूमाझटकी

प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने पुतला दहन रोकने का प्रयास किया, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रणनीति के तहत पहले एक पुतला जलाया, जिसे पुलिस ने छीन लिया। इसके बावजूद कार्यकर्ताओं ने पुलिस को चकमा देते हुए दूसरा पुतला आग के हवाले कर दिया और अपना विरोध दर्ज कराया।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, कांग्रेस पार्टी अपने शीर्ष नेतृत्व के सम्मान के साथ किसी भी प्रकार का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भाजपा नेताओं द्वारा इस प्रकार की भाषा का प्रयोग बंद नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन करेगी।

### ये रहे शामिल

इस अवसर पर कुलदीप जुनेजा, पंकज शर्मा, आकाश शर्मा, दिनेश ठाकुर, जी. श्रीनिवास, सुनील भुवाल, अविनय दुबे, बंशी कन्नौजे, हीरेंद्र देवांगन, ओम श्रीवास, विनोद ठाकुर, सुधा सरोज, सुयश शर्मा, मिलिंद गौतम, कमल धृतलहरे, जसबीर ढिल्लन, मुन्ना मिश्रा, प्रवीण चंद्राकर, वेंकट कुमार, ईश्वर चक्रधारी, आकाश दीवान, डूमेंद्र दीप, अनीश मनिहार, प्रदीप देवांगन, हाजरुन बानो, राजू यादव, गणेश साहू, दिवाकर साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# झारखंड, छत्तीसगढ़, बिहार एवं ओडिशा के 27 चेंजमेकर्स को मिला 'एकम सम्मान'

**रायपुर।** सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट (सीड) द्वारा बुधवार को 'एकम डायलॉग्स-संवाद से निर्माण' का रांची में शुभारंभ किया गया। यह आयोजन क्षेत्रीय विकास एवं रेजिलिएंस को मजबूत करने के उद्देश्य से साझा संवाद और निर्माण के जरिए समाधानपरक दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। दो दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, ग्रासरूट चेंजमेकर्स, उद्योग-व्यापार जगत, सामाजिक उद्यमियों, विशेषज्ञों और सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधियों ने भागीदारी की। कार्यक्रम के पहले दिन की मुख्य विशेषता संवाद सत्रों के अलावा 'एकम सम्मान' की पहल रही, जिसके माध्यम से झारखंड, छत्तीसगढ़, बिहार और ओडिशा के चेंजमेकर्स को सम्मानित किया गया। इस दो दिवसीय आयोजन में 300 से अधिक प्रतिनिधि और 70 से अधिक विशेषज्ञ 11 तकनीकी सत्रों में भाग ले रहे हैं। दूसरे दिन का सत्र भविष्य की 'ग्रीन इकोनॉमी' और स्थानीय आवश्यकताओं से जुड़े हरित विकास पर केंद्रित रहेगा। कार्यक्रम के अन्य वक्ताओं में एके रस्तोगी (अध्यक्ष, टास्क फोर्स-सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन, झारखंड), रवि रंजन (प्रधान मुख्य वन संरक्षक, झारखंड) और जगदानंद (सह-संस्थापक, सीवायएसडी) प्रमुख थे।



### इन चेंजमेकर्स को मिला सम्मान

कार्यक्रम में पद्मश्री फूलबसन बाई यादव, पद्मश्री बुधरी ताती और पद्मश्री अनूप रंजन पांडेय की उपस्थिति में 27 चेंजमेकर्स को सम्मानित किया गया। यह सम्मान पाने वालों में छत्तीसगढ़ से भाऊराव गोडबोले, दामोदर कश्यप, झुमुकलाल मेरावी, कलावती कश्यप, लेकेश बाई जैन, प्रभात मिश्रा, राजेंद्र बघेल, रवि सिंह, श्यामलाल रजवाड़े और वीरेंद्र सिंह, ओडिशा से रायमति घुइरिया, अशोक कुमार राउत, नीलिमा मिश्रा और शिबानी पाधी के अलावा झारखंड से अपर्णा कुमारी, डॉ. मनोज कुमार, फ्रांसिस मुंडा, महादेव महतो, प्रभात कुमार महतो, संजय कच्छप, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, तरुण कुमार और उपेंद्र पांडे एवं सोना पांडे साथ ही बिहार से द्रौपदी देवी और शुभम कुमार का सम्मान किया गया।

# अचानक पटवारी दफ्तर पहुंचे कलेक्टर, लंबित राजस्व अभिलेख अद्यतन करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह बुधवार को शहर भ्रमण पर निकले। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था से लेकर पीडीएस दुकानों के अलावा चंगोराभाठा पटवारी कार्यालय का भी औचक निरीक्षण किया। कार्यालय में लंबित एवं निराकृत आवेदनों की विस्तृत जानकारी ली और नक्शा, खसरा, बी-1 सहित अन्य राजस्व अभिलेखों का अवलोकन किया। कलेक्टर ने पटवारी को लंबित राजस्व अभिलेखों को जल्द से जल्द अपडेट करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने रामनारायण सिन्हा को दुरुस्ती के पश्चात बी-1 की प्रति भी प्रदान की। श्री सिन्हा ने कलेक्टर को बताया कि उन्होंने पूर्व में अपनी जमीन गिरवी रखकर बैंक से ऋण लिया था, जो अब पूर्ण रूप से चुकता हो गया है तथा एनओसी भी प्राप्त हो गई थी। इसके बाद भी बी-1 में आवश्यक सुधार नहीं हुआ था।

- रोहिणीपुरम, डीडीनगर में सफाई व्यवस्था का लिया जायजा



### रोहिणीपुरम में दिखी गंदगी, जताई नाराजगी

कलेक्टर ने शहर भ्रमण के दौरान रोहिणीपुरम, डीडीनगर सहित अन्य क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने रोहिणीपुरम में नालियों की सफाई नहीं होने और सड़कों के किनारे कचरा पाए जाने पर नाराजगी जताई। कलेक्टर ने निगम के अधिकारियों को सभी नालियों की नियमित सफाई और कचरे के उठाव के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर के वार्डों में नालियों की साफ-सफाई अच्छे तरह की जाए। कहीं पर भी जाम की स्थिति न रहे। कचरे के जमाव से नालियां जाम होंगी और संक्रामक बीमारी फैलने की संभावना बनी रहेगी।

## बिजनेस साइट

### पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा से पहले रायपुर में मुफ्त स्वास्थ्य जांच और मार्गदर्शन आज



**रायपुर।** नमन हॉलिडेज और मानसरोवरवाले की ओर से 9 अप्रैल को पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा के इच्छुक श्रद्धालुओं के लिए विशेष मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया जा रहा है। मध्यभारत के प्रतिष्ठित यात्रा आयोजक सरनजीत सिंह इस दिव्य यात्रा, जो 25 मई 2026 से प्रारंभ हो रही है, के संबंध में विस्तृत जानकारी देंगे। इस सत्र में यात्रियों को यात्रा की तैयारी, आवश्यक सावधानियां और सुरक्षित यात्रा के महत्वपूर्ण निर्देश दिए जाएंगे। इसके अलावा उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच, ऑक्सीजन सपोर्ट और स्वास्थ्य संबंधी मार्गदर्शन भी उपलब्ध होगा। सत्र दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक होटल मीराविल, अटलपथ एक्सप्रेस-वे के पास, तेलीबांधा रायपुर में आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं और यात्रियों से आग्रह किया है कि इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भाग लेकर लाभ उठाएं।

### उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में निशुल्क लीवर जांच शिविर कल

**रायपुर।** लीवर रोगों के बढ़ते मामलों के मद्देनजर उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल भाठागांव द्वारा 10 अप्रैल को निशुल्क फाइब्रोस्कैन जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य आमजन में लीवर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और रोगों की शुरुआती पहचान सुनिश्चित करना है। फाइब्रोस्कैन एक आधुनिक, बिना दर्द वाली जांच प्रक्रिया है, जिससे लीवर की कठोरता और फैटी लिवर की स्थिति का सटीक आकलन किया जाता है। यह जांच सिरोसिस, हेपेटाइटिस एवं अन्य लीवर रोगों की समय रहते पहचान में सहायक मानी जाती है। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श, तत्काल रिपोर्ट और आवश्यक चिकित्सा सलाह भी उपलब्ध कराई जाएगी। मधुमेह, मोटापा, पेट संबंधी समस्याओं या असामान्य लिवर फंक्शन वाले व्यक्तियों को विशेष लाभ मिलेगा। शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। अस्पताल प्रबंधन ने सीमित सीटों के चलते अग्रिम पंजीयन की अपील की है। मेडिकल डायरेक्टर डॉ. विनोद कुमार सिंह ने नियमित जांच को स्वस्थ जीवन के लिए जरूरी बताया है।

UMH™ आयुष्मान भव:

### बुनकर क्रॉफ्ट की एनिवर्सरी सेल शुरू: 30% तक छूट

**रायपुर।** पंडरी कपड़ा मार्केट स्थित प्रसिद्ध शोरूम बुनकर क्राफ्ट ने अपनी एनिवर्सरी सेल की शुरुआत कर दी है। सेल के आरंभ होते ही शहर समेत आसपास के क्षेत्रों के ग्राहकों में उत्साह देखा जा रहा है। ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शोरूम रविवार को भी खुला रखा जा रहा है। शिल्पराज देवांगन के संचालन में यह शोरूम प्रीमियम कोसा सिल्क साड़ियों, सूट पीस, दुपट्टों और उच्च गुणवत्ता वाले फैब्रिक्स के लिए पहचान रखता है। एनिवर्सरी के अवसर पर सभी उत्पादों पर फ्लैट 30 प्रतिशत की छूट दी जा रही है, जिससे शादी और त्योहारों की खरीदारी के लिए यह आकर्षण का केंद्र बन गया है। शोरूम में उपलब्ध नई कलेक्शन में पारंपरिक और आधुनिक डिजाइन का खूबसूरत संगम देखने को मिल रहा है। इसमें सॉफ्ट सिल्क, प्योर सिल्क, तसर सिल्क, कॉटन सिल्क, हैंडलूम वियर और प्रिंटेड फैब्रिक्स की आकर्षक रेंज शामिल है। ग्राहक यहां हस्तनिर्मित और डिजाइनर साड़ियों के साथ-साथ अनस्टिच्ड ड्रेस मटेरियल और दुपट्टों के कई विकल्पों का चयन कर सकते हैं।



### संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल में 3 किलो का दुर्लभ ट्यूमर सर्जरी से हटाया गया



**रायपुर।** संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल में चिकित्सा क्षेत्र की एक उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की गई है। यहां 3 किलोग्राम वजन के दुर्लभ पैराटेस्टिकुलर सारकोमा को सफलतापूर्वक सर्जरी के जरिए हटाया गया। यह जटिल ऑपरेशन वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ मौ रॉय और डॉ कल्याण पांडे के नेतृत्व में विशेषज्ञ टीम द्वारा किया गया। ट्यूमर का आकार बड़ा होने के साथ इसकी स्थिति पेल्विक क्षेत्र के महत्वपूर्ण अंगों, नसों और रक्त वाहिकाओं के बेहद करीब थी, जिससे सर्जरी चुनौतीपूर्ण बन गई थी। सर्जनों ने ड्यूल अप्रोच तकनीक अपनाते हुए पेट और ग्रोइन दोनों मार्गों से ट्यूमर को सुरक्षित रूप से निकाला, जिससे आसपास के अंगों को नुकसान से बचाया जा सका। बिहार के 56 वर्षीय मरीज को लंबे समय से सूजन और दर्द की समस्या थी। सफल ऑपरेशन के बाद मरीज ने तेजी से रिकवरी की और छठे दिन उसे छुट्टी दे दी गई। अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ युसुफ मेमन ने टीम के प्रयासों की सराहना की।

# शहरों को आपस में जोड़ रही उड़ान योजना

**रायपुर।** क्षेत्रीय हवाई संपर्क को बेहतर बनाने के लिए उड़ान योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वर्तमान में इस योजना के तहत रायपुर-जगदलपुर, रायपुर-रीवा, अंबिकापुर-दिल्ली-कोलकाता के लिए फ्लाइट का संचालन किया जा रहा है। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट के डायरेक्टर ने बताया कि उड़ान योजना से छत्तीसगढ़ समेत देशभर में 100 हवाई अड्डों का विकास होगा। इसके अलावा हवाई अड्डों के विकास के लिए एक चैलेंज मोड अपनाया जाएगा। इसमें राज्य और केंद्रशासित प्रदेश मांग एवं तत्परता के आधार पर मूल्यांकन के लिए हवाई अड्डों को नामित करेंगे, जिससे बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास संभव होगा। मानव संसाधन लागत को कम करने और परिचालन स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए हवाई अड्डों के लिए तीन साल का संचालन और रखरखाव सहायता प्रदान करना। योजना में टियर 2 और टियर 3 शहरों के लोगों के लिए कनेक्टिविटी में सुधार हेतु बड़े विमानों में अधिक सीटों के लिए किफायती हवाई किराए का प्रावधान किया गया है। घरेलू विमान निर्माण पारिस्थितिकी तंत्र के विकास को बढ़ावा देने हेतु आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत विमान अधिग्रहण के लिए सहायता करना है।

# प्राइवेट स्कूलों में आरटीई के तहत देंगे प्रवेश, सरकार से की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य अशासकीय विद्यालय संचालन संघ ने प्राइवेट स्कूलों में आरटीई के तहत प्रवेश देने को लेकर किए गए दावे का विरोध करते हुए कहा कि हम कॉर्पोरेट सेक्टर का रूप ले चुके विद्यालय संचालकों की मंशा का समर्थन नहीं करते। साथ ही उन्होंने सरकार से मांग करने की जानकारी देते हुए बताया कि कई बार सीएम विष्णुदेव सायजी और शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से आग्रह कर चुके हैं, कि तय शुल्क में वृद्धि की जाए, लेकिन हमारी मांगों को नकारा जा रहा है, जो गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के दावे को झुठला रहा है। उन्होंने सरकारी योजना के तहत साइकिल, यूनिफार्म शुल्क की देय राशि में वृद्धि करने की मांग भी दोहराई। संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुबोध राठी और मनोहर पाण्डेय ने यह जानकारी बुधवार को प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता में दी।



## पेज 11 के शेष ...

### गृहमंत्री का कांफ्रेंस हॉल ...

उपयोग किया जाएगा। बंगले के पीछे की तरफ के कमरों में पुराने रिकाड्र्स रखे गए हैं। आने वाले दिनों में अलग से रिकार्ड रूम बनाया जाएगा। अलग रिकार्ड रूम बनने के बाद सभी दस्तावेजों को अलग से सहेजकर रखा जाएगा।

### कृष्णाकुंज के पास...

सुबह के समय मंडी पानी टंकी नहीं भरने से संबंधित वार्डों में पानी आपूर्ति प्रभावित रही। डॉ. भीमराव आंबेडकर वार्ड, महात्मा गांधी वार्ड, कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड, पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड, रानी लक्ष्मीबाई वार्ड इससे प्रभावित रहा। संबंधित इलाकों में पानी टैंकर भेजकर लोगों के लिए पेयजल की व्यवस्था की गई। जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेंद्र ने हरिभूमि को बताया कि पाइपलाइन सुधारने का काम पूरा हो गया है। गुरुवार की सुबह प्रभावित इलाकों में सामान्य जल आपूर्ति शुरू हो जाएगी।

### किराए के भवन...

पंजीयन के लिए आने आए नर्सिंग कॉलेज और पूर्व की शिकायत के आधार पर मामले की जांच की गई तो कमियों के खामियों का पता चला।

आरोप है कि कॉलेजों द्वारा प्रस्तुत कूटरचित दस्तावेजों को बिना अन्वेषण पंजीयन कराने की सिफारिश की गई थी। इस मामले में स्वहित में पद का दुरुपयोग करने का मामला भी सामने आया। इसके बाद लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के उल्लंघन का मामला पाते हुए रजिस्ट्रार दुर्गावती उसारे के निलंबित करने का आदेश जारी कर दिया।

# कौशल योजना में 120 युवाओं ने ली ट्रेनिंग, आदेश के बाद भी मिली नहीं नौकरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले जिले के सैकड़ों युवा रोजगार पाने के लिए दर-दर भटक रहे हैं। इनमें 120 युवा ऐसे हैं, जो जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल मित्र कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। उनके प्रशिक्षण के आधार पर ही ग्राम पंचायतों में जल वितरण के संचालन और संसाधण कार्य के लिए उनका चयन भी हुआ है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने इसके लिए ग्राम पंचायतों को पत्र भी जारी किया था, जिसमें चयनित युवाओं को पंचायत स्तर पर मानदेय के आधार पर नौकरी पर रखने के लिए अनुशंसा की गई थी। इसके बावजूद इन युवाओं को अब तक नौकरी नहीं मिल पाई है। इन युवाओं ने संबंधितों को ज्ञापन सौंपा है।

## 12 हजार मासिक वेतन पर होनी थी नियुक्ति

जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत ग्राम पंचायतों में हर घर नल कनेक्शन, पानी टंकी का निर्माण हुआ है। इसके तहत जिन ग्रामों में ये कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उन ग्रामों में पानी टंकी से जलप्रदाय करने एवं उसके संसाधण के लिए अनुभवी लोगों की जरूरत थी। इसके लिए मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत लाईवलीहुड कॉलेज में युवाओं को नल-जल मित्र कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के बाद आवश्यकता के अनुसार जिले के चारों ब्लॉक धरसींवा, आरंग, अभनपुर एवं तिल्दा के लगभग 120 युवाओं को विभिन्न गांव में जलप्रदाय एवं संधारण कार्य के लिए चयन हुआ। इन चयनित युवाओं के माध्यम से ग्राम पंचायतों में जलप्रदाय एवं संधारण का कार्य हो, इसके लिए पीएचई विभाग ने चयनित गांव के सरपंचों को नियुक्त करने के लिए अनुशंसा पत्र भेजा था। इस अनुशंसा पत्र के अनुसार 12 हजार रुपए मासिक वेतन पर युवाओं की अस्थाई रूप से नियुक्ति होनी थी, जो अब तक नहीं हो पाई है।

- जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल मित्र कार्यक्रम के तहत जल वितरण संचालन-संधारण के लिए दी गई थी ट्रेनिंग



## रोजगार की व्यवस्था करनी चाहिए

*मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद भी युवाओं को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। इन सभी युवाओं को ग्राम पंचायतों में रोजगार देने की व्यवस्था करनी चाहिए।*
*- संदीप यदु, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत रायपुर*

## पीएचई अफसर ने कहा- 45 दिन की ट्रेनिंग पर नौकरी थोड़े ही मिल जाएगी

प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं ने बताया कि नियुक्ति पत्र जारी होने के बाद भी ग्राम पंचायतों में नौकरी नहीं मिलने पर वे सभी पीएचई विभाग के अफसर अनिल बच्चन से मिलने गए थे, लेकिन उन्होंने यह कहकर उन्हें लौटा दिया कि 45 दिन की ट्रेनिंग करने से नौकरी थोड़े ही मिल जाती है। उनके इस रवैये के बाद ही अब वे सभी जिला पंचायत उपाध्यक्ष और सीईओ के समक्ष गुहार लगाने पहुंचे।

## सरपंचों में किसी ने कहा-वेतन बहुत ज्यादा, किसी ने कहा, पीएचई विभाग देगा

*हरिभूमि ने कुछ सरपंचों से भी नियुक्ति नहीं करने के संबंध में बातचीत की। इस दौरान ग्राम पंचायत कोटा के सरपंच ने कहा कि वेतन बहुत ज्यादा है। हमारे पास इतना फंड नहीं है, ज्यादा से ज्यादा 2 से 3 हजार ही दे पाएंगे। ग्राम पंचायत सोनतरा के सरपंच ने कहा कि वेतन पीएचई विभाग को ही देना है। इस संबंध में आदेश भी जारी हुआ था। ग्राम पंचायत में इतना फंड नहीं रहता कि इस कार्य के लिए 10-15 हजार रुपए मासिक वेतन दे पाएं।*

## खबर संक्षेप

### एम्स को बाल आपातकालीन चिकित्सा में मिली बड़ी पहचान

**रायपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की पीडियाट्रिक इमरजेंसी मेडिसिन टीम ने हैदराबाद में हुए 17वें नेशनल असेंबली ऑफ पीडियाट्रिक इमरजेंसी मेडिसिन-2026 एवं चौथे इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स–पीईएम राष्ट्रीय सम्मेलन में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर गौरव दिलाया है। यह सम्मेलन किम्स कडल्स अस्पताल, गाचीबोवली द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें देशभर से विशेषज्ञों एवं प्रशिक्षुओं की सक्रिय भागीदारी रही। सम्मेलन से पूर्व 27 मार्च 2026 को एम्स रायपुर की टीम ने मल्ला रेड्डी महिला मेडिकल कॉलेज हैदराबाद में पीडियाट्रिक ट्रायेज एवं पीईएआरएलएस विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला का नेतृत्व विभागाध्यक्ष, पीडियाट्रिक्स एवं प्रभारी पीईएम डॉ. अनिल के. गोयल ने राष्ट्रीय समन्वयक के रूप में किया, जबकि समन्वय डॉ. जोविन क्रिस एंटनी ने संभाला।

### आपसी विवाद पर चाकूबाजी

**रायपुर।** आपसी विवाद पर विधानसभा इलाके में चाकूबाजी हो गई। बीएसयूपी कालोनी में रहने वाले छबी महानंद और चेरू कुमार के बीच किसी मामले को लेकर विवाद हो गया। झगड़ा इतना बढ़ा कि चेरू ने छबी पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल छबि को इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल किया गया है। इस मामले में विधानसभा थाने की पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला पंजीबद्ध किया है।

## 30 दिन के बाद भी डिलीवरी नहीं मिलने से उपभोक्ता परेशान

# गैस की किल्लत के बीच एजेंसियों में खेला 25 दिन के बाद बुकिंग, 7 दिन बाद डिलीवरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि लाइव

राजधानी रायपुर में गैस सिलेंडर की किल्लत के बीच अब गैस एजेंसियों में भी खेला शुरू हो गया है। शासन-प्रशासन के निर्देश के बावजूद एजेंसियों द्वारा बुकिंग कराने के बावजूद उपभोक्ता को गैस सिलेंडर की डिलीवरी देने में सप्ताहभर या उससे अधिक दिन लगाए जा रहे हैं, जिसके कारण उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ी हुई है। इधर जिले में हर दिन बुकिंग का प्रतिशत जिस तेजी से बढ़ रहा है, उसकी तुलना में वितरण का काम कछुआ गति से किया जा रहा है।

यहीं कारण है कि जिले में लंबित बुकिंग के आंकड़े भी लगभग 40 हजार के करीब हैं। संबंधित विभाग के अफसरों की मानें तो जिले में पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडरों का स्टॉक है, लेकिन लंबित बुकिंग के आंकड़े कुछ और ही हकीकत बयां कर रहे हैं।



### बुकिंग की तुलना में 25 प्रतिशत भी वितरण नहीं

सूत्रों के अनुसार, जिले में हर दिन जितने उपभोक्ता गैस सिलेंडरों की बुकिंग कराते हैं, उसकी तुलना में वितरण 25 प्रतिशत से भी कम हो पा रहा है। यही कारण है कि लंबित बुकिंग की संख्या भी घट नहीं रही है। एजेंसियों में स्थिति यह है कि शहरी क्षेत्र में एक सिलेंडर के बाद दूसरे सिलेंडर की बुकिंग जरूर 25 दिन के बाद हो रही है, लेकिन बुकिंग कराने के बाद भी उपभोक्ता को सिलेंडर मिलने में लगभग 30 से 35 दिन तक का समय लग रहा है। इंडेन, भारत जैसी कंपनियों की कई गैस एजेंसियां तो बुकिंग के 12 दिन के बाद भी उपभोक्ता को डिलीवरी नहीं दे पा रही हैं।

### साइकिल, दोपहिया वाहन में खाली सिलेंडर लेकर पहुंच रहे उपभोक्ता

गैस एजेंसियों में बुकिंग कराने के बाद भी होम डिलीवरी में देर किए जाने के कारण अब उपभोक्ता खाली सिलेंडर लेकर सीधे एजेंसी एवं गोदाम पहुंच रहे हैं। इस कारण एजेंसियों और गोदामों के बाहर अभी भी लोगों की भीड़ देखी जा रही है।

**अफसरों की मानें तो जिले में पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडरों का है स्टॉक**

### ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन के बाद बुकिंग, 50 दिन में डिलीवरी

ग्रामीण क्षेत्रों में भी गैस सिलेंडरों के संकट से घरेलू उपभोक्ता जूझ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में घरेलू सिलेंडर की 45 दिन के बाद बुकिंग हो रही है, लेकिन बुकिंग कराने के बाद भी डिलीवरी में एजेंसियां 5 दिन से अधिक समय लगा रही हैं। इसके कारण उपभोक्ता को दूसरा सिलेंडर 50 दिन के बाद ही मिल पा रहा है।

**केस 1**

### अब तक नहीं मिला सिलेंडर

महावीर नगर निवासी अनिल रामानी ने बताया कि उनके यहां इंडेन कंपनी का सिलेंडर आता है। उसने नियम के तहत 25 दिन के बाद होम डिलीवरी के लिए बुकिंग कराई थी, लेकिन बुकिंग कराने के 12 दिन के बाद भी उसके घर सिलेंडर नहीं पहुंचा है। सिलेंडर क्यों नहीं आ रहा है, यह पता लगाने के लिए वे दो बाद एजेंसी दफ्तर के चक्कर लगा चुके हैं। वहां यही कहा जाता है कि स्टॉक नहीं आया है, आते ही डिलीवरी दी जाएगी।

**केस 2**

### सिलेंडर खत्म दिक्कत बढ़ी

आमापारा निवासी भुनेश्वर ने बताया कि उसने भी 25 दिन बाद बुकिंग कराई, लेकिन 5 दिन से अधिक समय हो चुका है, डिलीवरी नहीं की गई है। उसके घर गैस सिलेंडर खत्म हो गया है, जिसके कारण अब इलेक्ट्रानिक चूल्हे पर ही खाना बना रहे हैं।

# सड़क दुर्घटना में घायलों के कैशलेस इलाज पर मंथन पुलिस का सत्यापन जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- सात दिनों में डेढ़ लाख तक का इलाज, आयुष्मान के पंजीकृत हास्पिटल मान्य

जिले के आयुष्मान पंजीकृत अस्पतालों में रोड एक्सीडेंट के घायलों को कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी। सात दिनों तक डेढ़ लाख के निशुल्क इलाज के लिए पुलिस सत्यापन जरूरी है। घायल होकर आने वाले मरीज की सूची ई-डार के माध्यम से अस्पतालों को भी देनी होगी।

रायपुर जिले के निजी अस्पताल संचालक, आईएमए के वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारियो के साथ जिला पंचायत सीईओ श्रीकुमार बिश्वरंजन, सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी की उपस्थिति में हुई बैठक में योजना को रायपुर जिले में लागू करने विचार-मंथन किया गया। प्रधानमंत्री राहत योजना के जिला नोडल अधिकारी डॉ. सार्थक नंदा ने बताया कि इस कैशलेस आपातकालीन उपचार योजना में सड़क दुर्घटना पीड़ितों को दुर्घटना की तारीख से 7 दिनों तक 1.5 लाख रुपए तक का कैशलेस इलाज का लाभ मिलेगा। अस्पताल के चिकित्सकों को बताया गया कि किसी भी राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य सड़क या शहर की सड़क पर हुए हादसे में घायल मरीजों को निशुल्क इलाज का लाभ दिया जा सकता है, मगर इसके लिए पुलिस से संबंधित दस्तावेजों की आवश्यकता होगी। घायलों का इलाज आयुष्मान में पंजीकृत अथवा ई-डार में पंजीकृत कोई भी अस्पताल कर सकता है। बैठक में आईएमए राज्य अध्यक्ष डॉ. अनूप वर्मा, डॉ. सुरेंद्र शुक्ला हॉस्पिटल प्रबंधन, फोगसी की अध्यक्ष डॉ. मोनिका पाठक, आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता एवं रायपुर के निजी अस्पतालों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### कई विभागों का समन्वय जरूरी

इस योजना में रोड एक्सीडेंट को लेकर की विभागों का समन्वय किए जाने की योजना है। एक्सीडेंट के इलाज के लिए स्वास्थ्य विभाग, घटनाओं पर कार्रवाई के लिए पुलिस विभाग, एक्सीडेंट के लिए डेंजर जोन वाले मार्गों की समीक्षा के लिए एनएचआई, पीडब्ल्यूडी, नगर निगम को मिलकर काम करना है। हालांकि इस योजना को लेकर इन विभागों में समन्वय नहीं हो पाया है।

### राज्य में लागू नहीं हो सकी योजना

रोड एक्सीडेंट के घायलों को निशुल्क इलाज की योजना सालभर पहले देशभर में लागू की गई थी। राज्य में इसे अब तक कार्यरूप में नहीं लाया जा सका है। जानकारों का कहना है कि इसके लिए जिलास्तर पर सुविधा वाले अस्पतालों को सूचीबद्ध कर संचालनालय स्तर पर उपलब्ध कराना है। इस योजना में अब तक यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इलाज करने वाले अस्पतालों को किस फंड से और कैसे भुगतान किया जाएगा।

# इग्नू ने फिर बढ़ाई आवेदन तिथि, अब 10 तक आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- असाइनमेंट जमा करने की तिथि में भी वृद्धि

इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी ने ओडीएल और ऑनलाइन प्रोग्राम के लिए आवेदन अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब रजिस्ट्रेशन की नई अंतिम तिथि 10 अप्रैल है। यह छूट उन लोगों के लिए है जो जनवरी 2026 सेशन के लिए नए सिरे से आवेदन करना चाहते हैं।

ओडीएल प्रोग्राम के लिए आवेदन करने के लिए आवेदकों को पृथक लिंक पर जाना होगा, जबकि ऑनलाइन प्रोग्राम के लिए रजिस्ट्रेशन लिंक पृथक है। इग्नू ने जून 2026 के टर्म एंड एग्जामिनेशन के लिए असाइनमेंट जमा करने की आखिरी तारीख बढ़ा दी है। यह फैसला उन सभी छात्रों पर लागू होता है, जिन्होंने ओपन और डिस्टेंस लर्निंग और ऑनलाइन प्रोग्राम में प्रवेश लिया है। यूनिवर्सिटी की ओर से जारी एक आधिकारिक सूचना के अनुसार, असाइनमेंट जमा करने की आखिरी तारीख बढ़ाकर 30 अप्रैल कर दी गई है। छात्रों को अपने असाइनमेंट की हार्ड कॉपी और सॉफ्ट कॉपी, दोनों जमा करनी होंगी।

यूनिवर्सिटी ने साफ किया है कि यह बढ़ी हुई समय सीमा ओडीएल और ऑनलाइन माध्यमों से विभिन्न प्रोग्राम में एडमिशन लेने वाले सभी छात्रों पर लागू होती है।

### प्रक्रिया में बदलाव नहीं

*इग्नू ने स्पष्ट किया है कि सबमिशन की प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं किया गया है। जहां हार्ड कॉपी निर्धारित केंद्रों पर भेजी जानी हैं, वहीं सॉफ्ट कॉपी को निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपलोड किया जा सकता है। छात्रों को यह भी सलाह दी गई है यह विस्तार अंतिम है और छात्रों को किसी भी तरह की परेशानी से बचने के लिए समय पर सबमिशन सुनिश्चित करना चाहिए। इग्नू ने परीक्षार्थियों से आग्रह किया है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और अधिक से अधिक संख्या में पाठ्यक्रम में प्रवेश लें। यह फैसला उन विद्यार्थियों को एक और अवसर प्रदान करने के लिए लिया गया है, जो किसी कारणवश समयसीमा पर प्रवेश नहीं ले पाए या जिन्होंने प्रवेश प्रक्रिया की है, लेकिन कागजी कार्रवाई पूरी नहीं कर पाए।*

# युद्ध विराम संग छात्रों का मूल्यांकन प्रारंभ

- पूर्व परीक्षाओं के आधार पर तय होंगे वार्षिक अंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने पश्चिमी एशिया के उन देशों के कक्षा 12 छात्रों के लिए वैकल्पिक मूल्यांकन योजना के तहत अंक अपलोड करने का शेड्यूल जारी कर दिया है, जहां बोर्ड परीक्षाएं भू-राजनीतिक परिस्थितियां अर्थात युद्ध के कारण रद्द कर दी गई थीं। यह निर्णय प्रभावित छात्रों के रिजल्ट जारी करने की प्रक्रिया को समय पर पूरा करने के लिए लिया गया है। सीबीएसई द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, स्कूलों के लिए ऑनलाइन पोर्टल 8 अप्रैल से 17 अप्रैल 2026 तक खुला रहेगा। इस दौरान संबंधित स्कूल अपने लॉगिन के माध्यम से छात्रों के अंक अपलोड कर सकेंगे। बोर्ड ने निर्देश दिया है कि सभी स्कूल नोटिफिकेशन-2 को ध्यान से पढ़ें और उसी के अनुसार प्रक्रिया पूरी करें। सीबीएसई ने साफ कहा है कि अंक अपलोड करते समय अत्यधिक सावधानी बरती जाए, क्योंकि बाद में किसी भी प्रकार की गलती या संशोधन के लिए अनुरोध स्वीकार नहीं किए जाएंगे। परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने भी समयसीमा का पालन करने पर जोर दिया है।

*इन देशों में रद्द हुई थीं परीक्षाएं : सीबीएसई ने 16 मार्च से 10 अप्रैल 2026 के बीच होने वाली कक्षा 12 की परीक्षाएं बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और यूएई जैसे वेस्ट एशियाई देशों में रद्द कर दी थीं। यह फैसला वहां की असाधारण परिस्थितियों को देखते हुए लिया गया था। नई नीति के तहत छात्रों का रिजल्ट इंटरनल असेसमेंट और 28 फरवरी 2026 तक हुई परीक्षाओं के प्रदर्शन के आधार पर तैयार किया जाएगा। जिन विषयों की परीक्षा नहीं हो सकी, उनके लिए स्कूलों को छात्रों के क्वार्टरली, हाफ-ईयरली और प्री-बोर्ड के अंकों का डेटा जमा करना होगा। सीबीएसई ने स्कूलों को निर्देश दिया है कि मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और संतुलित हो, ताकि किसी भी छात्र को नुकसान न हो।*

# रेप केस में बेटे की गिरफ्तारी का झांसा, सेवानिवृत्त इंजीनियर को डिजिटल अरेस्ट कर 80 हजार ठगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- साइबर ठगों ने डेढ़ लाख रुपए मांगे
- बेटे से बात करने पर बुजुर्ग को मिली ठगी की जानकारी

विद्युत विभाग के एक सेवानिवृत्त इंजीनियर को अज्ञात जालसाजों ने डिजिटल अरेस्ट कर 80 हजार रुपए ठगी का शिकार बनाया। जालसाजों ने सेवानिवृत्त इंजीनियर को दिल्ली में इंडियन इंजीनियरिंग सर्विस में कार्यरत बेटे की रेप केस में गिरफ्तारी के बाद उनकी भी गिरफ्तारी का भय दिखाकर ठगी कर ली। इंजीनियर बेटे से बात करने पर सेवानिवृत्त इंजीनियर को अपने साथ ठगी होने की जानकारी मिली। सेवानिवृत्त इंजीनियर ने अज्ञात जालसाजों के खिलाफ डीडीनगर थाने में ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। डीडीनगर सेक्टर-1 निवासी 68 वर्षीय अपराजिता प्रताप सिंह ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। साइबर ठगों ने अपराजिता के साथ 4 अप्रैल को डिजिटल अरेस्ट कर उन्हें ठगी का शिकार बनाया था। अपराजिता ने पुलिस को बताया है कि उसके पास घटना दिनांक को एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने अपने आपको दिल्ली पुलिस का अधिकारी बताया। कॉल करने वाले ने बुजुर्ग सेवानिवृत्त इंजीनियर को धमकाते हुए कहा कि उनके बेटे की रेप केस में गिरफ्तारी हुई है। साइबर अपराधी ने अपराजिता को अपने बेटे को बचाने के नाम पर तत्काल बताए गए अकाउंट में डेढ़ लाख रुपए जमा करने के लिए कहा।

### घबराए पिता ने डर के मारे ट्रांसफर किए 80 हजार

अपराजिता का बेटा दिल्ली में क्लास वन अफसर है। ऐसे में रेप केस में गिरफ्तारी की डर से बुजुर्ग बुरी तरह से डर गया। साइबर अपराधियों ने पैसे नहीं देने पर बुजुर्ग को भी झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। साथ ही उन्हें डिजिटल अरेस्ट करने का भय दिखाया। बुरी तरह से सहमे अपराजिता ने डर के मारे अलग-अलग किस्तों में जालसाजों के अकाउंट में 80 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए।

### आशंका होने पर बेटे को किया कॉल

जालसाजों के अकाउंट में 80 हजार रुपए ट्रांसफर करने के बाद अपराजिता को अपने साथ ठगी होने की आशंका हुई। इसके बाद बुजुर्ग ने अपने बेटे को कॉल किया। कॉल करने पर अपराजिता को उनके बेटे ने अपने सकुशल होने की जानकारी दी। तब अपराजिता राहत की सांस लेते हुए अज्ञात साइबर अपराधी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे। बैंक डिटेल के आधार पर पुलिस आरोपियों की पतासाजी कर रही है।

# स्कूल के पास से ठेला-गुमटी हटाए, नाले की कराई सफाई

**पं. सुंदरलाल शर्मा स्कूल के पास लगे ठेला-गुमटी किए जब्त**

**जोन 5 टीम की कार्यवाही**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



नगर निगम जोन-5 की टीम ने पं. सुंदरलाल शर्मा वार्ड स्थित सुंदरलाल शर्मा स्कूल के पास लगे पान ठेले और गुमटियों को नाले के ऊपर से उठाकर जब्त कर लिया। नाले से 2 ट्रक मलबा बाहर निकालकर सफाई कराई। जोन कमिश्नर खीरसागर नायक के नेतृत्व में जोन-5 नगर निवेश विभाग की टीम और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बुधवार को सुंदरनगर स्कूल के पास लगे ठेले और गुमटियों को मशीन से हटाने सड़क पर उतरी। इस दौरान फुटपाथ पर व्यवसाय कर रहे ठेले-गुमटियों को वहां से हटाया।

### कांग्रेसियों ने किया विरोध, ज्ञापन सौंपा



पं. सुंदरलाल शर्मा वार्ड में फुटपाथ पर व्यवसाय करने वाले 15 परिवारों को उचित व्यवस्थापन दिए बिना उनके ठेले व गुमटियों पर बुलडोजर कार्रवाई को लेकर कांग्रेसी नेताओं ने विरोध जताया। आकाश शर्मा, कांग्रेस नेता संदीप तिवारी ने कहा कि महंगाई के दौर में लोगों को रोजगार देने के बजाय ट्रिपल इंजन की सरकार रोजगार छीनने का काम कर रही है। प्रभावित परिवारों के लिए उनके पास सोचने का समय भी नहीं है। शहर के और भी ऐसे इलाके हैं, जहां पूंजीपति निवास करते हैं। वहां कार्यवाही करना छोड़कर गरीब परिवारों का रोजगार छीनने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार कर रही है, जबकि इस वार्ड में आम जनता मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। संदीप तिवारी ने कहा, वार्ड में अधिकांश इलाकों की स्ट्रीट लाइट बंद है। पूरे क्षेत्र बड़ी संख्या में मवेशियों का जमावड़ा होने से गली-मोहल्ले में गंदगी और दुर्घटना की स्थिति बनी हुई है। इस ओर नगर निगम का ध्यान नहीं है। इसके साथ ही पं. सुंदरलाल शर्मा वार्ड में आवारा कुत्तों का आतंक बना हुआ है। चंद्रशेखर नगर में नलों से प्रेशर के साथ पानी नहीं आ रहा है। अश्वनी नगर, चंद्रशेखर के सड़कों पर गड्ढे हो गए हैं। सुंदरनगर चौक स्थित आर्बिट टॉवर कांप्लेक्स और अश्वनी नगर में शुभम मार्ट के पास सड़कों पर पार्किंग होने से यातायात प्रभावित हो रहा है। कांग्रेसी नेताओं ने इस संबंध में जोन-5 कमिश्नरी को ज्ञापन सौंपकर 15 प्रभावित परिवारों के व्यवस्थापन की मांग की है। जोन का घेराव कर ज्ञापन सौंपने वालों में आकाश शर्मा, संदीप तिवारी, प्रदेश महासचिव निखिल बाजारी, जिला महासचिव रेवा साहू, प्रियांशु सिंह, दिव्यांश श्रीवास्तव, पार्थ चंद्राकर, कृष सहारे, वीरेंद्र साहू, अमन यादव, करण यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल रहे।

टैक्सी चाहिए
रायपुर शहर से अभनपुर में रात्रि कालीन पेपर पार्सल ले जाने हेतु टाटा एस, टाटा मैजिक, की आवश्यकता है।
इच्छुक व्यक्ति टैक्सी की संपूर्ण कागजात के साथ प्रसार विभाग में संपर्क करें।
समय : 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक
हरिभूमि
कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
रायपुर, गुरुवार 9 अप्रैल 2026
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



## लाइव इवेंट

# प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू, 17 अप्रैल अंतिम तिथि




**रायपुर।** शासन की महत्वाकांक्षी "मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना" के अंतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। ऑनलाइन आवेदन 24 मार्च 2026 से शुरू हो गए हैं, जिसकी अंतिम तिथि 17 अप्रैल 2026 (रात्रि 12 बजे तक) निर्धारित की गई है। प्रवेश के लिए परीक्षा का आयोजन 10 मई 2026 को किया जाएगा। रायपुर में 26 जुलाई 2010 को शुरू किए गए प्रयास आवासीय विद्यालय का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी उपलब्ध कराना है। वर्तमान में रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, अंबिकापुर और जगदलपुर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में कुल 17 संस्थाएं संचालित हैं, जिनमें 7120 सीटें स्वीकृत हैं, जबकि 6064 सीटों पर वर्तमान में विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इस वर्ष रायपुर एवं जगदलपुर में सभी वर्गों के विद्यार्थियों के लिए प्रवेश खोले गए हैं। वहीं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए दुर्ग जिले के पाटन में नवीन प्रयास बालक आवासीय विद्यालय तथा जांजगीर-चांपा में नवीन कन्या आवासीय विद्यालय प्रारंभ किया गया है। इसके अलावा वर्ष 2023-24 से अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए रायपुर में नवीन प्रयास बालक आवासीय एवं बिलासपुर में कन्या आवासीय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं।

### चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी

प्रयास आवासीय विद्यालयों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ रहने, खाने, गणवेश, पुस्तकों और कोचिंग की सभी सुविधाएं पूरी तरह निःशुल्क प्रदान की जाती हैं। कक्षा 9वीं से 12वीं तक पढ़ाई के साथ इंजीनियरिंग, मेडिकल, सीए/सीएस, क्लैट और एनडीए जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी कराई जाती है। विद्यालयों में फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी एवं कंप्यूटर लैब जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके साथ ही प्रत्येक वर्ष विद्यार्थियों को निःशुल्क स्टडी मटेरियल एवं कोचिंग पुस्तिकाएं प्रदान की जाती हैं और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने के लिए शुल्क भी शासन द्वारा वहन किया जाता है।चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है, जिसमें ऑनलाइन आवेदन के बाद प्रवेश परीक्षा के अंकों के आधार पर मेरिट तैयार की जाती है। सीटों से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में मेरिट के आधार पर प्राथमिकता दी जाती है।

● ट्रिपल आईटी नया रायपुर के चौथे दीक्षांत समारोह का किया गया भव्य आयोजन

# ट्रिपल आईटी से उपाधि और मेडल लेने का सपना हुआ पूरा, अब ख्वाब को सच करने की बारी










बुधवार को ट्रिपल आईटी नया रायपुर का 4वां दीक्षांत समारोह भव्य रूप से आयोजित हुआ। संस्थान के ऑडिटोरियम में सुबह 11.30 बजे से आयोजित समारोह में कुल 21 पीएचडी, 25 एमटेक, 1 एमएस रिसर्च एवं 506 बीटेक की डिग्रियां स्टूडेंट्स को प्रदान की गईं। समारोह में बीटेक में सर्वश्रेष्ठ सर्वांगीण प्रदर्शन के लिए 3 गोल्ड मेडल, उत्कृष्ट नवाचार के लिए 3 चेयरमैन गोल्ड मेडल, ट्रांसफॉर्मेशनल लीडरशिप के लिए 3 अजय चौधरी गोल्ड मेडल, बीटेक में उच्चतम सीजीपीए के लिए 9 सिल्वर मेडल, एमटेक में उच्चतम सीजीपीए के लिए 5 सिल्वर मेडल स्टूडेंट्स को प्रदान किए गए।

**रायपुर।** दीक्षांत समारोह में 2023 से 2025 बैच के स्टूडेंट्स को मेडल्स व उपाधियां बांटी गईं। समारोह का शुभारंभ प्रो. उमेश वी. वाघमारे (अध्यक्ष जवाहरलाल नेहरू उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र बेंगलुरु) के द्वारा किया गया। प्रो. वाघमारे एक प्रख्यात भौतिक विज्ञानी एवं सामग्री वैज्ञानिक हैं, जिन्होंने आईआईटी बॉम्बे से बीटेक व येल विश्वविद्यालय से पीएचडी की है और हार्वर्ड विश्वविद्यालय में पोस्ट-डॉक्टोरल अनुसंधान किया है। वहीं, समारोह में किरण देशपांडे अतिथि सम्मान के रूप में उपस्थित हुए, जो एक प्रतिष्ठित तकनीकी उद्यमी, स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में निवेशक, मेंटर हैं। इसके साथ ही समारोह की अध्यक्षता प्रो. धनंजय पांडेय अध्यक्ष बोर्ड ट्रिपल आईटी ने की। समारोह में ट्रिपल आईटी के प्रभारी कुलसचिव डॉ. पुण्य प्रसन्न पल्तानी, ट्रिपल आईटी के कुलपति एवं निर्देशक प्रो. ओमप्रकाश व्यास सहित स्टूडेंट्स व उनके पैरेंट्स उपस्थित रहे।

### पैरेंट्स व प्रोफेसर्स हुए गौरवान्वित

दीक्षांत समारोह में मंच पर गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल के साथ पीएचडी, बीटेक, एमटेक की उपाधियां प्राप्त करते हुए अपने बच्चों और स्टूडेंट्स को देख पैरेंट्स व विभागीय प्रोफेसर्स ने खुद को गौरवान्वित महसूस किए। डिग्रियां लेने के बाद सभी स्टूडेंट्स अपने माता-पिता और प्रोफेसर्स के चरण वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किए। यह पल सभी के लिए बेहद खुशी और भावुक करने वाला रहा।

### एक्सीडेंट्स में खोया एक पैर व्हीलचेयर में डिग्री लेने पहुंचे



दीक्षांत समारोह में एक क्षण ऐसा आया, जब पूरा ऑडिटोरियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। यह तालियों का सम्मान बीटेक डेटासाइंस एआई के स्टूडेंट्स प्रणय पंचबिए के जज्बे और हिम्मत के लिए रहा, जो एक दुर्घटना में अपना बायां पैर गंवाने के बावजूद सर्जरी के सप्ताह भर बाद ही व्हीलचेयर में अपनी बीटेक डेटासाइंस एआई की डिग्री लेने दीक्षांत समारोह के मंच पर पहुंचे। प्रणय ने बताया कि दुर्घटना से पहले वह पुणे के ल्यूमिक -एआई कंपनी में जॉब प्लेसमेंट हुआ था। दुर्घटना के बाद अब जॉब छोड़ दिया हूं, अब से मेरा सहारा मेरा बीटेक डेटासाइंस एआई की डिग्री बनेगी। इसके सहारे अब खुद का बिजनेस खड़ा करने का सोचा है।

### इंस्टीट्यूट गोल्ड मेडलिस्ट बने यशवर्धन



ट्रिपल आईटी बीटेक डाटा साइंस एआई बैच 2025 के लिए स्टूडेंट्स यशवर्धन गौतम को इंस्टीट्यूट गोल्ड मेडल व बीटेक इन डाटा साइंस एआई की उपाधि से नवाजा गया। इसके अलावा उन्हें हाईली सीजीपीए सिल्वर मेडल भी प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर यशवर्धन ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह मेरे मेहनत और माता-पिता, प्रोफेसर्स के मार्गदर्शन से संभव हुआ है। आज मेरा बीटेक बीटेक इन डाटा साइंस एआई उपाधि के साथ इंस्टीट्यूट गोल्ड मेडलिस्ट बनने का सपना साकार हुआ है।

### ट्रिपल आईटी ने मेरे सपने को दिए पंख



अनम अरशद ने कहा कि आज मैं एमटेक इन कंप्यूटर साइंस में गोल्ड मेडल प्राप्त कर खुशी से फूले नहीं समा रही हूं। मैंने एमटेक इन कंप्यूटर साइंस के उपाधि के लिए कड़ी मेहनत की है, जिसका परिणाम मुझे उपलब्धि के रूप में मिला है। ट्रिपल आईटी ने मेरे सपने को पंख लगा दिया है। मैं आगे अपने कॅरियर को और ऊंची उड़ान देने इसी तरह से कड़ी मेहनत करूंगी। यह पल मेरे जीवन के लिए सबसे महत्वपूर्ण है।

### डॉक्टरेड की उपाधि का सपना हुआ पूरा



डॉ. श्रेष्ठ गुप्ता को एआई हेल्थ केयर में पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई। इस उपलब्धि पर उन्होंने कहा कि आखिरकार कड़ी मेहनत के बाद उनका डॉक्टरेड की उपाधि का सपना पूरा हुआ। आज का दिन मेरे लिए सबसे खुशी और यादगार का दिन है। यह मेरे भविष्य को संवारने वाला पल है।

## सिटी इवेंट

# फायर फाइटर्स ने आग से बचाव के गुर सिखाने किया मॉकड्रिल



**रायपुर।** चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल के मुख्य सामाजिक भवन में लगातार विविध गतिविधियां संचालित होती रहती हैं। यहां आम लोगों सहित सभासदों की अच्छी भीड़ रहती है। इन परिस्थितियों में भवन में आग लगने जैसी दुर्घटना होने पर उससे कैसे निपटा जाए, यही दिखाने, बताने और समझाने के लिए मंडल भवन में फायर मॉकड्रिल के साथ फायर फाइटिंग ट्रेनिंग कैंप भी लगाया गया। इसमें मंडल के उच्च पदाधिकारियों सहित तमाम कर्मचारियों और अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान सभी ने तय नियमों के तहत आग बुझाने का प्रशिक्षण लिया। मंडल के मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन ने बताया कि मंडल भवन की सुरक्षा व्यवस्था को और भी पुख्ता करने के लिए फायर फाइटर्स ने अग्निशमन व्यवस्था का प्रदर्शन किया।

### आग लगने पर सावधानी और संयम से काम लें

साथ ही अग्निशमन यंत्रों का उपयोग किस तरह से करना चाहिए, इसको लेकर प्रयोगात्मक जानकारी दी। सबसे पहले भवन में आग ही न लगे, इसके बारे में बुनियादी सावधानियां बरतने कहा गया। फायर फायटर्स ने गैस सिलेंडर में आग लगने, खुले मैदान में आग लगने पर आग बुझाने और आग लगने पर बरती जाने वाली जरूरी सावधानियों के बारे में लोगों को जानकारी दी। अग्निशमन टीम के एक्सपर्ट ने बताया कि आग लगने पर लोगों को घबराना नहीं चाहिए, बल्कि संयम बरतते हुए आग पर काबू पाने का प्रयास करना चाहिए।



### आपात स्थिति से निपटने में कर्मचारी होंगे सक्षम

कार्यस्थल पर काम खत्म होने के बाद बिजली संबंधित सभी उपकरणों को बंद कर देना चाहिए, ताकि शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका लगभग खत्म हो जाए। सचेतक रविंद्र ठेंगड़ी ने कहा कि समय-समय पर फायर मॉकड्रिल करने से मंडल के कर्मचारी आग बुझाने के गुर को अच्छी तरह सीख पाएंगे। आपात स्थिति से निपटने में कर्मचारी खुद ही सक्षम होंगे। इस अवसर पर विशेष रूप से अध्यक्ष अजय काले, प्रबंधक बी. नंदिनी नायडू, मेस प्रभारी मंजरी भखाडे, श्रद्धा जोशी, प्रकाश गुरुव ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# हरियाली की सुरंग, गर्मी में दे रही सुकून

**रायपुर।** रायपुर–धमतरी मार्ग पर ग्राम धनेली जाने वाला ये रास्ता गर्मी के दिनों अपनी हरियाली के कारण खासे आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। सड़क के दोनों ओर खड़े ऊंचे और घने पेड़ प्राकृतिक सुरंग जैसे नजर आते हैं, जिनकी छांव से राहगीरों को भीषण गर्मी में भी ठंडक का एहसास हो रहा है।





# पशु-पक्षियों को दाना-पानी देने राहगीरों को सकोरा वितरण



**रायपुर।** खुशियां बाटें अभियान संस्था की पहल पर अब शहर के अलग-अलग क्षेत्र में राहगीरों और जीव प्रेमियों को उनकी सेवा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। संस्था ने अनुपम गार्डन में निःशुल्क सकोरा वितरण किया। इस पहल का उद्देश्य गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए दाना और पानी देने के लिए संसाधन उपलब्ध करवाना है। संस्था के मेंबर्स ने लोगों से अपील की है कि अपने घरों, छतों और आसपास के स्थानों पर सकोरे में पानी-दाना रखकर पक्षियों की सहायता करें। सकोरा वितरण में डॉ. रात्रि लहरी, सौरभ बख्शी, शगुफ्ता अफ़रोज़, गौरव दुबे, राकेश साहू, मनीषा ध्रुव, प्रियंका उपाध्याय, गुरुकुल महिला कॉलेज की छात्राएं प्रमुख रूप से शामिल हुईं।

मैक कॉलेज में शिक्षा विभाग द्वारा "मोर मयारू गुरुजी मैं तोर छाया हंव" का आयोजन

# शिक्षक का दायित्व सिर्फ पढ़ाना नहीं, अब मार्गदर्शक भी बनें

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज (मैक) में शिक्षा विभाग द्वारा बुधवार को "मोर मयारू गुरुजी मैं तोर छाया हंव" का आयोजन कॉलेज के ऑडिटोरियम में किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सहयोग से कार्यक्रम किया गया। इसका उद्देश्य शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को बाल अधिकारों के प्रति सजग करना, संवेदनशीलता के साथ सकारात्मक दृष्टिकोण का विकास करना था। इसमें बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में प्रतीक खरे मंचस्थ रहे। छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सचिव की उपस्थिति ने अवसर को भी खास बनाया। चेयरमैन रमेश अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन राजेश अग्रवाल, सेक्रेटरी सरिता अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. जैस्मिन जोशी के साथ उपप्राचार्य डॉ. श्वेता तिवारी मौजूद रहीं।




### शिक्षक शिल्पकार, गाइड, ज्ञान का भंडार

उन्होंने बताया कि हर बच्चे के अधिकारों का सम्मान करना और उन्हें सुरक्षित, सहयोगात्मक एवं सकारात्मक वातावरण देना जरूरी है। शिक्षा में अवलोकन का विशेष महत्व है। साथ ही पुस्तकीय ज्ञान व विद्या में अंतर समझाते हुए कहा कि शिक्षक शिल्पकार है, गाइड है, ज्ञान का भंडार है, जहां से डॉक्टर, इंजीनियर की रचना होती है। अंत में कॉलेज परिवार द्वारा सभी अतिथियों, आयोजकों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी एवं शैक्षिक आयोजन की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इसका सफल निर्देशन शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रुचि सचान एवं उनकी टीम ने किया।



### विद्यार्थियों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण रखें

प्राचार्य डॉ. जोशी ने कहा कि आदर्श शिक्षक वही होता है, जो विद्यार्थियों के प्रति स्नेह, समझ, धैर्य एवं मार्गदर्शन का भाव रखे और उनके व्यक्तित्व निर्माण में अहम भूमिका निभाएं। मुख्य अतिथि डॉ. शर्मा ने कहा कि बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि नैतिक कर्तव्य है, जिसमें शिक्षकों की भूमिका अहम होती है। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे विद्यार्थियों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाएं और उनके सर्वांगीण विकास में भी सहयोग दें। वक्ता श्री खरे ने कहा कि बदलते शैक्षणिक परिवेश में शिक्षक की भूमिका केवल पढ़ाने तक सीमित नहीं, बल्कि उन्हें एक मार्गदर्शक एवं प्रेरक के रूप में काम करना होगा।

**धर्म लाइव**

## रामकथा का अमृत रसपान करने नर्मदाकुड में जुटे श्रद्धालु



**रायपुर।** फाफाडीह स्थित नर्मदाकुंड धाम इन दिनों भक्ति और श्रद्धा के रंग में रंगा हुआ है। यहां पांच दिवसीय रामकथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन शामिल होकर धर्मलाभ ले रहे हैं। रामकथा के चौथे दिन छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा व मंत्री गुरु खुशवंत साहब विशेष रूप से नर्मदाकुंड धाम पहुंचे। उन्होंने तिरुपति हाथी राम मठ के संत चक्रवर्ती सम्राट अर्जुनदास महाराज से आशीर्वाद लिया और कथा में भाग लेकर आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव लिया। इस अवसर पर संत अर्जुनदास जी महाराज ने एक महत्वपूर्ण संदेश देते हुए कहा कि धार्मिक न्यास की जमीनों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### परंपरा का जीवंत प्रतीक

कार्यक्रम के दौरान आयोजक पवन और विशाल खंडेलवाल ने उपमुख्यमंत्री को नर्मदाकुंड धाम के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व की जानकारी विस्तार से दी। उन्होंने बताया कि जब रायपुर में भीषण अकाल की स्थिति उत्पन्न हुई थी, तब नर्मदाकुंड लोगों के लिए जीवनदायी साबित हुआ था और यहां का जल संकट के समय सहारा बना था। नर्मदाकुंड धाम को अत्यंत पावन स्थल माना जाता है। मान्यता है कि यह स्थान मां नर्मदा और भगवान हनुमान की तपोस्थली रहा है। इसी कारण यह स्थल सनातन संस्कृति, आस्था और परंपरा का जीवंत प्रतीक बन चुका है। यहां आयोजित रामकथा न केवल धार्मिक महत्व रखती है, बल्कि समाज को संस्कारों और मूल्यों से जोड़ने का भी कार्य कर रही है।

**आराधना**

## भक्तिभाव से मनाएंगे आदिगुरु शंकराचार्य का प्राकट्य उत्सव

रायपुर। सनातन दशनाम गोस्वामी समाज द्वारा इस साल भी प्रांत स्तरीय आयोजन किया जाएगा। इसमें समाज के स्वाभिमान एवं गौरव के प्रतीक भगवान आदिगुरु शंकराचार्य का प्राकट्य उत्सव समारोह 26 अप्रैल को जीई रोड स्थित शहीद स्मारक भवन में भक्तिमय माहौल में मनाया जाएगा। आयोजन को भव्य स्वरूप देने के लिए समाज प्रमुखों ने मीटिंग की। साथ ही इसे सफल बनाने के लिए कई अहम निर्णय भी लिए हैं। इसकी सफलता को सुनिश्चित करने के लिए दायित्व भी तय किए गए हैं। आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ सांस्कृतिक चेतना जागृत करने के लिए यह आयोजन किया जाएगा। सनातन धर्मावलंबियों में आत्म सम्मान, गौरव, आस्था एवं एकता स्थापित करने के लिए यह पहल की जाएगी। इसमें समाज प्रमुख ही नहीं, बल्कि समाज का हर वर्ग शामिल होगा।



### शंकराचार्य के जीवन प्रसंगों की दी जाएगी जानकारी

आयोजन के संदर्भ में प्रांतीय अध्यक्ष मोहन पुरी गोस्वामी, सुधीर गोस्वामी ने बताया कि सनातन धर्म की रक्षा एवं स्थापना करने वाले भगवान शंकर के अंशावतार भगवत्पाद आद्य शंकराचार्य भगवान के प्राकट्य महोत्सव में प्रतिवर्ष की तरह ही समाज के सभी संत, महंतों के साथ ही भारी तादाद में प्रबुद्धजन, माताओं, बहनों, युवाओं, बच्चों को इस आयोजन से जोड़ा जाएगा, ताकि समाज के लोगों को आदिगुरु के जीवन प्रसंगों की जानकारी दी जा सके। इससे समाज को जोड़ने के लिए अतिथि वक्ता मंचस्थ रहेंगे। वहीं भक्तिमय माहौल में गीतों और भजनों की श्रृंखला भी समाज के बीच सजाई जाएगी।

**समाज इवेंट**

## वार्षिक सभा में महाराष्ट्र मंडल लेगा अहम निर्णय

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल में अब दो उपाध्यक्ष होंगे और इनमें एक पद महिला सभासद के लिए आरक्षित होगा। इस मामले को लेकर रविवार को हुई कार्यकारिणी की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इसके अलावा और कई अहम विषयों व योजनाओं और प्रकल्पों के विस्तार पर चर्चा करने के लिए अंतिम रूप दिया गया। पिछले दो वर्षों का कार्यकाल पूरा कर चुके मनोनीत कार्यकारिणी सदस्यों को विदाई भी दी गई। मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन ने बताया कि 17 मई को होनी वाली वार्षिक सामान्य सभा में संविधान में संशोधनों से संबंधित प्रस्ताव पेश किए जाएंगे। इसमें प्रस्ताव पारित होने के बाद 2026–28 के कार्यकाल से उन्हें प्रभावी भी किया जाएगा। पांच सदस्यीय सलाहकार समिति का गठन भी किया जाएगा। इसमें पूर्व अध्यक्ष, सचिव और ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष और सचिव शामिल होंगे।

### योजनाओं को वर्ष 2028 तक साकार करना तय

इसमें उनकी विशिष्ट भूमिका, कर्तव्य और अधिकार को सामान्य सभा की बैठक में परिभाषित किया जाएगा। साथ में उस पर सामान्य सभासदों से चर्चा की जाएगी। उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल ने बताया कि बैठक में मंडल के विस्तार, योजनाओं और प्रकल्पों के विस्तार पर चर्चा की गई। इनमें वृद्धाश्रम, गुरुकुल, गोशाला (गौ-आश्रय), महतारी सदन, वरिष्ठ नागरिक सदन, योग केंद्र के साथ संत ज्ञानेश्वर स्कूल की नई शाखा खोलने के प्रस्ताव का अनुमोदन भी किया गया। गीता ने बताया कि इन योजनाओं को वर्ष 2028 तक साकार किया जाना है। अध्यक्ष अजय काले ने इस मौके पर वामनराव लाखे, शहीद आकाश गिरपुंजे और वीर विनायक दामोदर सावरकर की प्रतिमाओं को स्थापित करने के संबंध में सरकार को प्रस्तुत प्रस्तावों के बारे में जानकारी दी।

**रंगमंदिर में नटरंग महोत्सव के 6वें दिन भरतनाट्यम, कथक के ख्याति प्राप्त कला गुरुओं ने दी प्रस्तुति**

# नटरंग के मंच पर उतरे कला गुरुओं ने शास्त्रीय नृत्य की बिखेरी अद्भुत छटा, प्रतिभागी देखकर हुए प्रेरित और मंत्रमुग्ध

बुधवार को रंगमंदिर में आयोजित नटरंग महोत्सव के 6वें दिन शास्त्रीय नृत्य की अद्भुत छटा बिखरी। कला गुरुओं द्वारा महोत्सव में कथक, भरतनाट्यम विधा की विविध मुद्राओं में मनमोहक प्रस्तुतियों ने प्रतिभागियों को प्रेरित और मंत्रमुग्ध किया। बता दें कि गांधी मैदान स्थित रंगमंदिर सभागार में आयोजित नटरंग महोत्सव में देश भर से करीब 700 प्रतिभागी भरतनाट्यम, कथक और ओडिसी जैसी विधाओं की मंच पर प्रस्तुतियां दे रही हैं।



**रायपुर।** इन प्रतिभागियों को नटरंग महोत्सव में राष्ट्रीय स्तर की ख्याति प्राप्त शास्त्रीय नृत्य कला गुरुओं के मार्गदर्शन में मंचीय प्रस्तुति और प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आयोजन के 6वें दिन भरतनाट्यम, कथक और ओडिसी जैसी विधाओं के पारंगत कला गुरुओं ने प्रस्तुति दी। कलाकारों ने अपनी भावपूर्ण अभिव्यक्ति और लयबद्ध तालमेल से भारतीय शास्त्रीय नृत्य कला की अद्भुत छटा बिखेरी, जो आयोजन का मुख्य आकर्षण बनी। कुचिपुड़ी, भरतनाट्यम डांस फॉर्म में अलग-अलग मुद्राओं की जीवंत प्रस्तुति ने प्रतिभागियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नटरंग महोत्सव के आयोजक संगीता कापसे ने बताया कि यह महोत्सव शास्त्रीय संगीत, नृत्य और अभिनय का मिश्रण प्रस्तुत करता है। यह आयोजन न केवल मनोरंजन, बल्कि देश की पारंपरिक कलाओं का संरक्षण भी कर रहा है। महोत्सव 9 अप्रैल तक चलने वाला है, जो स्थानीय दर्शकों को शास्त्रीय नृत्य के विविध रूपों का अनुभव करने का अवसर प्रदान कर रहा है। इसमें हर उम्र वर्ग के शास्त्रीय नृत्य विधा के 700 से अधिक प्रतिभागियों ने देश भर से भाग लिए हैं।



### द्रोण-अर्जुन बन दी प्रस्तुति

महोत्सव में एक ही मंच पर एक साथ गुरु-शिष्यों की 'द्रोण-अर्जुन अवार्ड' प्रस्तुति रखी गई। । इसमें कथक गुरु तरूण शर्मा ने अपने शिष्य कुणाल के साथ जुगलबंदी की। वहीं, सम्राट चौधरी ने भी अपने शिष्यों के साथ कथक की अद्भुत प्रस्तुतियों से मन मोहा।



### नटरंग महोत्सव का आज समापन

इस 7 दिवसीय नटरंग महोत्सव का गुरुवार को यादगार समापन होगा। समापन समारोह में 700 प्रतिभागियों में से चयनित 5 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को नेक्ट ईयर मान राशि, पुरस्कार व घुंघरू सम्मान से नवाजा जाएगा। इसके तहत सभी 5 प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर के मंच पर प्रस्तुति देने के लिए तैयार किया जाएगा। इसके लिए चयनित प्रतिभागियों का पोर्टफोलिया भी प्रदान किया जाएगा। वहीं, सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

### कथक की भावपूर्ण नृत्य ने मोहा मन

नटरंग महोत्सव में शास्त्रीय नृत्य की विभिन्न प्रस्तुतियों में राष्ट्रीय स्तर की कथक गुरु स्वप्निल करमहे की भावपूर्ण कथक नृत्य की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। इसके अलावा सौरभ रॉय, टी राथिस बाबू ने शास्त्रीय नृत्य कला से भाव विभोर किया। अपने कला गुरुओं की नृत्य देख प्रतिभागी मंत्रमुग्ध होते रहे। साथ ही इन एक्सपर्ट को मंच पर परफॉर्म करते देखना प्रतिभागियों के लिए सुखद व प्रेरणादायक पल रहा।

# आर्टिस्ट ग्रुप की पहल पर सजेगी राष्ट्रीय चित्रकला प्रदर्शनी 'गौरा'

छत्तीसगढ़ प्रोग्रेसिव आर्टिस्ट ग्रुप द्वारा 10 से 12 अप्रैल के बीच राष्ट्रीय दृश्य कला प्रदर्शनी गौरा की श्रृंखला सजाई जाएगी। महंत घासीदास संग्रहालय प्रांगण में स्थित आर्ट गैलरी में कला प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इसका शुभारंभ तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब द्वारा किया जाएगा।




**रायपुर।** बुधवार को यह जानकारी पत्रकार वार्ता के दौरान डॉ. ध्रुव तिवारी, जीतेन साहू और शांति तिर्की ने दी। उन्होंने बताया कि चित्रकला प्रदर्शनी का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा शुक्रवार की शाम पांच बजे किया जाएगा। प्रदर्शनी कला प्रेमियों के अवलोकनार्थ सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक खुली रहेगी। आर्ट गैलरी में 76 कलाकारों द्वारा कैनवास पर उकेरे गए जीवन के विविध रंगों को लोग देख सकेंगे।

### देशभर के चुनिंदा 76 कलाकारों को मिलेगा मंच

उन्होंने बताया कि गौरा कला प्रदर्शनी में समकालीन भारतीय कला की विविधता, सृजनात्मक और अभिव्यक्ति के उत्सव जैसा माहौल मिलने वाला है। इस प्रदर्शनी में देशभर के चुनिंदा कलाकारों में से 76 लोगों को मंच मिलेगा। जहां वे अपनी कल्पना और संवेदनाओं से सजी कृतियों को अवलोकन के लिए सजाने वाले हैं। इसके लिए व्यवस्थागत तैयारी को अंतिम रूप दिया गया है। वहीं, इस प्रदर्शनी के संदर्भ में बताया कि इसका शुभारंभ 2025 में 12 से 14 अप्रैल के बीच किया गया था। तब प्रदर्शनी में सिर्फ 45 कलाकारों की रचनाओं को संजोने का प्रयास किया गया था, इस बार ज्यादा कलाकारों को प्लेटफार्म मिलेगा।

# साध्वी का भैरव सोसायटी में मंगल प्रवेश, आज से शिविर

**रायपुर।** शासन प्रभाविका प्रवर्तिनी निपुणा श्रीजी की सुशिष्या स्नेहयशा श्रीजी आदि ठाणा का 9 अप्रैल को सुबह 6.30 बजे मंगल प्रवेश भैरव सोसायटी में होगा। श्री सुधर्म विहार के सामने सकल जैन समाज और भैरव सोसायटी जैन श्रीसंघ गुरुवर्या की अगवानी करेगा। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद और महासचिव महेंद्र कोचर ने बताया कि गुरुवर्या की निश्रा में सुबह 8.30 बजे से नवकार जाप शुरू होगा। इसके बाद 9 से 11 बजे तक महिलाओं के लिए धार्मिक शिक्षण शिविर आराधना केंद्र में होगा। इसमें संस्कारों का शंखनाद, स्वयं को जानो-पहचानो और पहुंचो विषय पर साध्वीश्री के प्रवचन होंगे। दोपहर 3 से 5 बजे तक छठवीं से बड़े बच्चों का धार्मिक अध्ययन साध्वीजी की निश्रा में होगा।



### बोला जाएगा 14 महास्वप्नों का चढ़ावा

महाविदेह क्षेत्र में विराजमान भगवान श्री सीमंधर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव वैसाख वदी दशमी 12 अप्रैल को जैन साध्वीश्री स्नेहयशा की निश्रा में मनाया जाएगा। विधिकारक विमल गोलछा द्वारा सत्तरभेदी महापूजन का विधान किया जाएगा। तीर्थंकर की मातारानी द्वारा देखे गए 14 महास्वप्नों का चढ़ावा बोला जाएगा। भगवान श्री सीमंधर स्वामी के पालना की आराधना की जाएगी। ट्रस्टी नीलेश गोलछा और टीकम जैन ने बताया कि सत्तरभेदी पूजन के साथ जिनमंदिर व चमत्कारी दादाबाड़ी के शिखर पर नई ध्वजा चढ़ाई जाएगी। श्री सीमंधर स्वामी मूलनायक की अमरध्वजा के लाभार्थी मूलचंद संतोष सरला देवी बैद परिवार हैं।

**राजधानी में 19 को धूमधाम से मनाई जाएगी विष्णु अवतारी की जयंती, 20 से सेवाभावी करेंगे जलदान**

# परशुराम जयंती के बाद 20 को मिलेगी अक्षयकारी तृतीया तिथि, शिवलिंग पर गर्मी में बहेगी जलधारा

**कार्नर न्यूज**

वैशाख मास शुक्ल पक्ष की अक्षय तृतीया तिथि इस साल उदय काल में 20 अप्रैल को मिलेगी। ऐसा इसलिए हो रहा है, क्योंकि 19 अप्रैल को सुबह 10.49 से तृतीया तिथि शुरू हो रही है। जो उदय काल में नहीं मिलने से आस्था केन्द्रों द्वारा इसे 20 अप्रैल को सुबह 7.20 बजे तक उदय काल में तिथि प्रभावी माना जाएगा। इस दिन ही गुड्डे और गुड़िया का ब्याह भी रचाने के लिए बच्चों द्वारा लग्न वेदी सजाई जाएगी।





**रायपुर।** बोरियाकला स्थित शंकराचार्य आश्रम प्रभारी एवं दंडी स्वामी इंदुभवानंद महाराज और पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि अबुझ मुहूर्त में लोग शुभ एवं मांगलिक आयोजन करते हैं। इसके साथ ही सभी देवी-देवताओं के श्रीधाम में उन्हें चना दाल और ककड़ी, खीरा का भोग अर्पित करने की परंपरा प्राथमिकता से निभाई जाती है। इस नियम का पालन दो महीने तक पुजारियों एवं भक्तों द्वारा किया जाता है।

### शिवलिंग पर दो महीने बहेगी जल की धारा


उन्होंने बताया कि इस तिथि में ही शिवलिंग पर घड़ा स्थापित करते हुए जल की धारा का प्रवाह दो महीने के लिए शुरू किया जाता है। इस घड़े में लोग जल दान करते हुए पुण्य अर्जित करने का विधान भी करते हैं। घड़ा स्थापित करने के साथ ही सेवा कार्य करने वाले प्याऊ घर का संचालन शुरू करते हैं। ऐसी मान्यता है कि समुद्र मंथन में प्राप्त विष ग्रहण करने की वजह से महादेव के कंठ में गर्मी का प्रभाव होता है। इसे देखते हुए ठंडक देने के लिए शिवलिंग पर जलधारा का प्रवाह किया जाता है।

### शौर्य और धर्म रक्षा का प्रतीक होगी जयंती

महाराज ने बताया कि परशुराम जयंती 19 अप्रैल को ही मनाई जाएगी। श्रद्धा और उत्साह के साथ हिंदू धर्मानुरागी भगवान परशुराम जयंती को उत्सव की तरह मनाते हैं। भगवान विष्णु के छठवें अवतारी की आस्था से जुड़े लोग अधर्म और अन्याय का विनाश करने के लिए पृथ्वी पर अवतार लेने वाले भगवान परशुराम की जयंती पर शोभायात्रा निकालने की परंपरा भी निभाते हैं। भगवान परशुराम बल, पराक्रम, तप, शौर्य और धर्म रक्षा के प्रतीक माने जाते हैं। ऐसे में परशुराम जयंती पर विभिन्न मंदिरों और धार्मिक स्थलों में विशेष पूजा-अर्चना, हवन, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण किए जाते हैं।

## वास्तु टिप्स

# काम में नहीं लगता आपका मन, तो अपनाएं वास्तु के जरूरी टिप्स



किसी भी काम को अच्छी तरह से करने के लिए जरूरी है कि उसमें मन लगाया जाए। हालांकि, कुछ लोगों की यह शिकायत होती है कि उनका काम में मन ही नहीं लगता है। जब भी वे किसी काम को करने लगते हैं तो उनका मन इधर-उधर भागने लगता है या फिर उनका मन उचाट लगने लगता है। ऐसे में काम में फोकस नहीं हो पाता है और व्यक्ति या तो गलतियां करने लगता है या फिर मन ना होने पर काम करने के कारण उसका काम काफी देर से खत्म होता है। यह कहीं ना कहीं आपको परेशान कर सकता है। हो सकता है कि आपके साथ भी अक्सर ऐसा होता हो और इस वजह से आप खुद को मानसिक रूप से परेशान महसूस करते हो। तो ऐसे में आपको वास्तु के कुछ छोटे-छोटे टिप्स अपनाने की जरूरत होती है। दरअसल, हमारे आसपास ऐसी कई चीजें होती हैं, जो हमारा ध्यान भटका सकती हैं या फिर उनकी वजह से हमारा काम में मन नहीं लगता है। तो चलिए आज इस लेख में वास्तुशास्त्री डॉ.



आनंद भारद्वाज आपको कुछ ऐसे ही आसान टिप्स के बारे में बता रहे हैं-

### जरूर चेक करें खिड़की-दरवाजे

अगर आपको यह महसूस होता है कि आपका अपने काम में मन ही लगता है या फिर वह बार-बार भटकता है तो ऐसे में आपको अपने घर के खिड़की-दरवाजे जरूर चेक करने चाहिए। अगर आपके घर के खिड़की-दरवाजे खुलने व बंद होने पर चूं-चूं की आवाज करते हैं तो इससे आपका ध्यान भटकता है। ऐसे में कोशिश करें कि आप अपने घर के दरवाजों व खिड़कियों की ऑयलिंग करें, जिससे उनमें से आवाज ना आए।

### दक्षिण-पश्चिम दिशा में ना हो मुख

घर में आप किस दिशा में मुख करके बैठते हैं, इस पर भी ध्यान देना चाहिए। अगर अक्सर काम करते हुए या फिर घर में उठते-बैठते आपका मुख ज्यादातर दक्षिण-पश्चिम दिशा में रहता है तो इससे भी व्यक्ति का मन काम में



नहीं लगता है। ऐसे में व्यक्ति को बेवजह तनाव रहता है और उसे बहुत अधिक गुस्सा आता है। हरदम इस दिशा में मुख करके बैठने से व्यक्ति अधिक चिड़चिड़ा हो जाता है। यहां तक कि वह बेवजह ही घर के सदस्यों पर गुस्सा करना या चिल्लाना शुरू कर देता है।

### ऑक्सीजन का प्रवाह

अगर आपको ऐसा लगता है कि घर के सभी सदस्य अक्सर तनाव में रहते हैं या फिर उनका काम में मन नहीं लगता है तो आपको घर में ऑक्सीजन की सप्लाई पर ध्यान देना चाहिए। कुछ लोग अपने घर के खिड़की-दरवाजे हरदम बंद रखते हैं। ऐसा करने से ऑक्सीजन का प्रवाह सही नहीं होता है, जिससे घर में सकारात्मक ऊर्जा नहीं आ पाती है।दरवाजों की दिशाका भी ठीक होना जरूरी होता है। इससे भी आपका मूड हरवक्त खराब रहेगा और आपका काम में मन नहीं लगेगा। हो सकता है कि आपका घर से बाहर निकलने का भी मन ना करे और आप बहुत अधिक सुस्ती महसूस करें।

### फाइलों को करें चेक

अगर आपको काम में अपना ध्यान लगाने में समस्या महसूस हो रही है तो ऐसे में आपको अपने घर व ऑफिस में रखी फाइलों को एक बार चेक जरूर करना चाहिए। कई बार जरूरी फाइलें भी इधर-उधर बिखरी हुई होती हैं और उन पर धूल-मिट्टी होती है। इतना ही नहीं, लंबे समय तक फाइलों को ऐसे ही छोड़ देने से उन पर जाले लग जाते हैं। इससे भी नेगेटिविटी क्रिएट होती है और व्यक्ति का काम में बिल्कुल भी मन नहीं लगता है। इसलिए, फाइलों को अच्छी साफ करें और उन्हें सही तरह से अरेंज करके रखें।

## देश की 38% आबादी लिवर के रोग की शिकार

# कमजोर साबित हो रहा आज के नौजवानों का लिवर, लक्षण दिखें तो तुरंत हो जाएं सचेत

लिवर की बीमारियां वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ रही हैं, विशेषज्ञ कहते हैं, युवाओं में तेजी से बढ़ती ये समस्या काफी चिंताजनक है। कम उम्र में ही लोगों में लिवर की बीमारी, विशेषतौर पर नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर (एनएएफएलडी) डिजीज विकसित होने का जोखिम अधिक देखा जा रहा है।

युवाओं मे बढ़ती इस गंभीर समस्या के बारे में समझने के लिए एम्स के विशेषज्ञों ने अध्ययन किया। इसके विश्लेषण में शोधकर्ताओं की टीम ने पाया कि देश की कम से कम एक तिहाई आबादी (38 प्रतिशत से अधिक) में एनएएफएलडी की समस्या हो सकती है जो निश्चित ही एक गंभीर विषय है।

जर्नल ऑफ क्लिनिकल एंड एक्सपेरिमेंटल हेपेटोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन में विशेषज्ञों की टीम ने बताया कि यह समस्या केवल वयस्कों तक ही सीमित नहीं है, लगभग 35 प्रतिशत बच्चों में भी ये दिक्कत देखी जा रही है। गौरतलब है कि लिवर की इस समस्या के कई गंभीर स्वास्थ्य दुष्प्रभाव हो सकते हैं, जिसको लेकर सभी उम्र के लोगों को अलर्ट रहने की आवश्यकता है। एनएएफएलडी किसी भी आयु के व्यक्ति को प्रभावित करने वाली स्थिति हो सकती है।



### एनएएफएलडी की नहीं हो पा रही है समय पर पहचान

स्वास्थ्य विशेषज्ञों की टीम ने बताया, ज्यादातर लोगों में नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर की पहचान नहीं हो पा रही है। इस बीमारी के प्रारंभिक चरणों में अक्सर कोई भी लक्षण नजर नहीं आते हैं, जिससे रोगियों को अपनी समस्या के बारे में पता ही नहीं चल पाता है। कई कारण हैं जो इस बीमारी के जोखिमों को बढ़ाने वाले हो सकते हैं, जिसको लेकर सभी लोगों को निरंतर सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है।




### आहार की गड़बड़ी के कारण बढ़ रहा है जोखिम

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया, फैटी लीवर या स्टीटोहेपेटाइटिस का एक प्रमुख कारण हमारे आहार में गड़बड़ी होना माना जा सकता है। जिस प्रकार से हमारे भोजन में पश्चिमी चीजें बढ़ रही हैं उसने जोखिमों को और भी बढ़ा दिया है। विशेषतौर पर फास्ट फूड्स की बढ़ी हुई मात्रा के साथ आहार में फलों-सब्जियों की कमी और गतिहीन जीवनशैली की आदतों के चलते इस रोग के विकसित होने का खतरा और भी बढ़ गया है।

### हार्ट-डायबिटीज की तरह ही गंभीर है ये बीमारी

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा, इस बीमारी को डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और मेटाबॉलिज्म से संबंधित अन्य समस्याओं की तरह से गंभीरता से देखा जाना चाहिए। हालांकि दुर्भाग्यवश फिलहाल हमारे पास फैटी लिवर की समस्या के लिए वर्तमान में न तो कोई



विशिष्ट दवा है न ही कोई उपचार। बड़ी संख्या में युवा तेजी से इसके शिकार होते जा रहे हैं, लिवर की इस बीमारी के कई गंभीर दुष्प्रभाव हो सकते हैं जिसको लेकर सभी लोगों को सावधान रहना चाहिए।

# लंबाई नहीं बढ़ रही तो मदद कर सकता है योगासन

अपनी टीनेज में हर इंसान एक न एक बार हाइट बढ़ाने के लिए जरूर परेशान होता है। ऐसा इसलिए भी होता है क्योंकि, लंबे लोग हमें ज्यादा अपीलिंग लगते हैं। ये बात कई स्टडी में भी सही साबित हुई है। एक स्टडी के अनुसार, अच्छी हाइट/ऊंचाई न केवल शारीरिक लाभ प्रदान करती है बल्कि सकारात्मक दृष्टिकोण और हाई आईक्यू से भी इसका सीधा संबंध होता है। आपकी लंबाई आपके आनुवंशिक मेकअप, एक्सरसाइज, पोषण और पर्यावरण की स्थिति जैसे अन्य फैक्टर्स से भी निर्धारित होती है। हाइट टीनेज के दौरान सबसे तेजी से बढ़ती है। आमतौर पर टीनेज के पूरा होने या 21 वर्ष की उम्र के बाद बंद हो जाती है।

### योग से पोश्चर अच्छा होता है

हालांकि, योग ताकतवर मांसपेशियों का निर्माण कर सकता है, जो अच्छी पोश्चर को सपोर्ट कर सकता है। अपनी रीढ़ को लंबा करने और अपनी मुद्रा सुधारने के बाद आप पहले से लंबे दिखाई दे सकते हैं। आप कुछ ही समय में अंतर को महसूस कर सकते हैं अधिक सीधी स्थिति बनाए रखने से आपका शरीर कुछ इंच ऊपर उठ सकता है। आप विशेष रूप से अपने ऊपरी शरीर में इस विस्तार को महसूस कर सकते हैं, हालांकि आपका निचला शरीर अभी भी एक भूमिका निभाता है।

### योग ब्रीदिंग में सजगता को बढ़ाता है

योग का अभ्यास ब्रीदिंग में जागरूकता पैदा करने में मदद करता है। जैसा कि आप पूरे दिन अपनी सांस पर ध्यान केंद्रित करना सीखते हैं, आप स्वाभाविक रूप से अच्छी मुद्रा बनाए रख सकते हैं ताकि आप अपनी अधिकतम क्षमता से सांस ले सकें। आप यह भी पा सकते हैं कि सांस की जागरूकता और बेहतर मुद्रा का संयोजन आपको अधिक ऊर्जा देता है।

# भिलाई में अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती महाकुंभ का शंखनाद कल से

**भिलाई।** दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल के मार्गदर्शन और कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ पहली बार एक ऐतिहासिक खेल आयोजन का गवाह बनने जा रहा है। आगामी शुक्रवार 10 अप्रैल से रविवार 12 अप्रैल तक इस्पात नगरी भिलाई के 'भिलाई निवास' स्थित साइकिल पोलो ग्राउंड में आयोजित होने वाली अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता की तैयारियाँ पूर्ण हो चुकी हैं। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के सफल संचालन और भव्य समापन की पूरी जिम्मेदारी स्वयं सांसद विजय बघेल ने उठाई है। प्रतियोगिता प्रतिदिन सुबह 8:00 बजे से प्रारंभ होगी।

- सांसद विजय बघेल के नेतृत्व में हो रहा आयोजन, देश भर से पहुंच रहे खिलाड़ी

### देशभर के 1100 पहलवानों का महासंग्राम

सांसद विजय बघेल के निमंत्रण पर देश के 28 राज्यों और विभिन्न सर्विसेज की टीमों से 1100 से अधिक महिला एवं पुरुष पहलवान भिलाई की धरा पर जुट रहे हैं। खिलाड़ी 120 मेडल और 3 ट्रॉफियों के लिए अपना दमखम दिखाएंगे। आयोजन में विशेष रूप से पूर्व सांसद एवं पूर्व कुश्ती संघ अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह (नेताजी) और भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह (बबलू) अपनी गरिमामयी उपस्थिति देंगे। विश्व कुश्ती चैंपियनशिप की सिल्वर मेडलिस्ट खिलाड़ी और जॉर्जिया के कोच के साथ भारतीय सेवा की टीमें आकर्षण का केंद्र होंगी।



### देश भर से खिलाड़ियों का आगमन शुरू

प्रतियोगिता के लिए टीमों का आगमन शुरू हो गया है। सांसद विजय बघेल के निर्देशों पर खिलाड़ियों के ठहरने और सुविधाओं की पुख्ता व्यवस्था की गई है। अब तक जम्मू से 15 बालक एवं 7 बालिकाएं,झारखंड से 10 बालिकाएं,केरल से 10 बालिकाएं और दिल्ली से 4 बालिकाएं अपना दमखम दिखाने पहुंच चुके हैं।


### आयोजन टीम जुटी तैयारियों में

सांसद विजय बघेल के साथ इस आयोजन को सफल बनाने में समाजसेवी दिलबर यादव, छत्तीसगढ़ कुश्ती संघ के अध्यक्ष जगन्नाथ यादव, महासचिव प्रशांत राय, उपाध्यक्ष भूपेंद्र यादव, लक्ष्मण पहलवान, भगवान पहलवान एवं संघ के समस्त पदाधिकारी दिन-रात जुटे हुए हैं।सांसद विजय बघेल ने समस्त क्षेत्रवासियों से इस भव्य आयोजन में शामिल होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

# कभी लौकी का डोसा बनाकर देखिए, बच्चे भी खाएंगे शौक से

जब भी हम कुछ बनाते हैं तो ये कोशिश करते हैं कि घर के बड़े से लेकर बच्चे तक से काफी चाव से खाएं। बड़े तो सब कुछ खा लेते हैं लेकिन बच्चों को कुछ भी खिलाने में काफी परेशानी होती है। बच्चे चाहे कितनी बड़े हो जाएं लेकिन खाने को लेकर इनके नखरे हमेशा होते हैं। खासकर जब बात आती है सब्जी खाने की तो बच्चे इससे दूर भागते हैं। अगर उनके मन की सब्जी बनी हो तब तो ठीक है लेकिन लौकी और तोरई जैसी सब्जी तो शायद ही किसी बच्चे को पसंद होगी। इन्हीं नखरों को देखते हुए आज हम आपको एक ऐसी डिश के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे खाकर आपके बच्चे भी खुश हो जाएंगे और उन्हें पता भी नहीं लगेगा कि ये डिश लौकी से बनी है। दरअसल, आज के लेख में हम आपको लौकी का डोसा बनाना बताने जा रहे हैं, ताकि आप अपने बच्चे को हेल्दी और स्वादिष्ट पकवान घर पर बना कर खिला सकें।















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## अमांडा ने कैंसर के आगे नहीं मानी हार याद किया तकलीफ से भरे दिनों को

बॉलीवुड में महिमा चौधरी, मनीषा कोइराला जैसे एक्ट्रेस ने कैंसर से जंग लड़ी है। ऐसी ही एक लड़ाई हॉलीवुड एक्ट्रेस अमांडा पीट भी लड़ रही हैं। हाल ही में इस



हॉलीवुड एक्ट्रेस ने अपनी ब्रेस्ट कैंसर ट्रीटमेंट जर्नी का जिक्र किया। अमांडा पीट ने हाल ही में अपनी ब्रेस्ट कैंसर ट्रीटमेंट को लेकर एक आर्टिकल लिखा है। इसमें वह कैंसर पता चलने के झटके और उसके बाद के सफर के बारे में बात करती हैं। इस दौरान वह काफी दुख और कष्ट से गुजरी हैं।

'समथिंग्स गोटा गिव' और 'योर फ्रेंड्स एंड नेबर्स जैसी हॉलीवुड फिल्मों के लिए मशहूर अमांडा पीट ने द न्यू यॉर्कर अखबार में एक लेख अपनी कैंसर जर्नी के बारे में लिखा है। वह इसमें बतात हैं कि साल में दो बार ब्रेस्ट चेकअप कराती थीं। पिछले साल लेबर डे से पहले एक रूटीन स्कैन उन्होंने कराया, जिसके बाद ब्रेस्ट कैंसर का पता चला। इस खबर ने उनकी दुनिया को हिलाकर रख दिया।

अमांडा उन दिनों को याद करते हुए लिखती हैं कि शुरुआती रिपोर्ट में एक छोटा ट्यूमर पाया गया था। आगे भी टेस्ट किए गए, जिसके बाद कैंसर का पता चला। अपने पति और 'गेम ऑफ थ्रोन्स' के को-क्रिएटर डेविड बेनियोफ के साथ रिपोर्ट का इंतजार किया। रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इसके बाद इलाज शुरू हुआ। अमांडा ने अपने आर्टिकल में आगे लिखा कि जब उनका कैंसर ट्रीटमेंट चल रहा था तो काफी दर्द और कष्ट होता था। उनका कहना है कि यह ट्रीटमेंट ऐसा था जैसे वह किसी जंग में लड़ रही हों। ट्रीटमेंट के बाद उनके ब्रेस्ट पर छाले पड़ गए थे। एक्ट्रेस ने बताया कि उनक कैंसर पहली स्टेज पर था।

### टॉलीवुड

## यूजर ने मां के अंतिम संस्कार के तरीके पर उठाया सवाल, प्रकाश राज ने दिया करारा जवाब

एक्टर प्रकाश राज की सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हुई, जिसका उन्होंने जवाब दिया है। दरअसल एक्टर की मां, स्वर्णलता का 29 मार्च को 86 साल की



उम्र में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 31 मार्च को बेंगलुरु में ईसाई रीति-रिवाजों के अनुसार हुआ। चर्च में हुए अंतिम संस्कार की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर आई, जिसमें एक्टर अपनी मां को अंतिम विदाई देते हुए नजर आए।

सोशल मीडिया पर कुछ यूजर्स ने एक्टर को ट्रोल करना शुरू कर दिया। उन्होंने एक पुराना वीडियो शेयर किया जिसमें प्रकाश राज ने खुद को नास्तिक कहा था। यूजर्स ने सवाल उठाया कि उन्होंने ईसाई परंपराओं के अनुसार अंतिम संस्कार क्यों किया?

एक यूजर ने लिखा, 'प्रकाश राज खुद को नास्तिक कहते हैं और कहते हैं कि वे भगवान में विश्वास नहीं करते। फिर भी वे अपनी मां का अंतिम संस्कार ईसाई परंपराओं के अनुसार करते हैं।' आलोचना का जवाब देते हुए, एक्टर ने एक्स पर लिखा, 'हां। मैं भगवान में विश्वास नहीं करता।।। लेकिन मेरी मां अपने भगवान में विश्वास करती थीं। मैं कौन होता हूं उन्हें उनके विश्वास के अनुसार दफनाए जाने के अधिकार से वंचित करने वाला? यह वह बुनियादी सम्मान है जो हम एक-दूसरे को देते हैं। क्या नफरत फैलाने वाले ये राक्षस इस बात को समझेंगे? बस पूछ रहा हूं।'

प्रकाश राज फिल्म इंडस्ट्री में लगातार एक्टिव हैं। हाल ही में वह 'देवरा: पार्ट 1' और 'दे कॉल हिम ओजी' जैसी फिल्मों में नजर आए। उनकी आखिरी फिल्म 'सीता पयानम' थी। वह अपकमिंग फिल्म 'वाराणसी' का हिस्सा होंगे।

### भोजपुरी

## पवन-खेसारी नहीं, इस सिंगर ने बनाया सबसे बड़ा रिकॉर्ड और रचा इतिहास


भोजपुरी गाना 'हैलो कौन' आज भी लोगों की जुबान पर है, रितेश पांडे की आवाज में गाए इस गाने ने यूट्यूब पर 1 अरब से ज्यादा व्यूज हासिल कर इतिहास रच दिया। इस



गाने ने पवन सिंह और खेसारी लाल जैसे बड़े सितारों के गानों को भी पीछे छोड़ दिया। भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री में कई गाने ऐसे हैं जो रिलीज होते ही सोशल मीडिया और यूट्यूब पर छा जाते हैं। लेकिन कुछ गाने ऐसे भी होते हैं जो सालों बाद भी लोगों की जुबान पर बने रहते हैं। भोजपुरी गानों की जहां बात आती है, तो कुछ खास सिंगर्स के ही नाम सामने आते हैं, जिसमें पवन सिंह, खेसारी लाल यादव, निरहुआ का नाम शामिल है। लेकिन, कमाल की बात है कि यूट्यूब पर जिस भोजपुरी गाने ने कब्जा जमाया है, वो इन में से किसी भी सिंगर का गाना नहीं है। भोजपुरी के गानों का क्रेज दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है, इनमें से भी कुछ गाने ऐसे हैं, जो सालों बितने के बाद भी लोगों के जुबान पर टिका रहता है। हम जिस गाने की बात कर रहे हैं, वो साल 2019 में रिलीज हुआ गाना, 'हैलो कौन'है। इस गाने को भोजपुरी सिंगर और एक्टर रितेश पांडे ने गाया है। इस गाने ने व्यूज के मामले में ऐसा रिकॉर्ड बना दिया कि बड़े-बड़े सुपरस्टार भी पीछे रह गए। इस गाने ने पवन सिंह और खेसारी के रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। 'हैलो कौन' की बात करें, तो ये गाना रितेश पांडे ने गाया था और इसमें उनके साथ सिंगर स्नेहा उपाध्याय की आवाज भी शामिल है। साल 2019 में रिलीज हुआ ये गाना देखते ही देखते इंटरनेट पर वायरल हो गया। गाने की धुन, मजेदार बोल और अलग अंदाज ने लोगों को इतना पसंद आया कि यह हर जगह बजने लगा।

### लहंगा बड़ा महंगा

20वीं सदी के शुरुआत तक लहंगा धनाढ्य और कुलीन महिलाओं की पहली पसंद होता था। मिडिल और अपल मिडिल क्लास ने धीरे-धीरे इसे अपनी अपनी खास पोशाक में शामिल कर लिया है। हालांकि मध्यकाल के फैशन का सीधा असर इस परम्परागत पोशाक पर भी खूब पड़ा है। उत्तम वस्त्रों, जटिल कढ़ाई और विस्तृत डिज़ाइनों को फैशन में लाने वाले अग्रणी डिजाइनर मध्यकाल के थे। तब रेशम और मखमल जैसे कीमती वस्त्र आम हो गए। इन खूबसूरत वस्त्रों को सोने और चांदी के धागों से खूबसूरती से सजाया जाता था।



लाइफ स्टाइल

## इलेक्ट्रिक स्कैल्प मसाजर इस्तेमाल करने से पहले जान लें नफा-नुकसान

आजकल लंबे और घने बालों के लिए महिलाएं कई तरह के तेल और हेयर मास्क लगाती हैं या फिर कोई थेरेपी लेती हैं। लेकिन आप 'इलेक्ट्रिक स्कैल्प मसाजर' का इस्तेमाल कर सकती हैं।

बाजार में अलग-अलग तरीके के स्कैल्प मसाजर मिलते हैं, लेकिन इलेक्ट्रिक स्कैल्प मसाजर सबसे बेहतर हैं। ये मसाजर रिचार्जेबल लिथियम और आयन बैटरी से चलते हैं, इसलिए उपयोग करने के लिए इन्हें प्लग-इन करने की कोई आवश्यकता नहीं होती। नरम सिलिकॉन से बना यह मसाजर बालों को खींचने या उलझने से रोकता है और त्वचा को चोट पहुंचाए बिना आपको आराम पहुंचाता है। इसमें छोटे-छोटे मोशन और वाइब्रेशन करने वाले उपकरण लगे होते हैं, जो सिर की त्वचा पर हल्के दबाव से मसाज कर मांसपेशियों को रिलैक्स करते हैं। लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, दिल्ली के सीनियर रेजिडेंट, त्वचा विज्ञान विभाग डॉ अमित कुमार मीणा का कहना है कि इलेक्ट्रिक स्कैल्प मसाजर बालों के विकास के लिए लाभकारी हैं। इससे बालों को ऑक्सीजन और न्यूट्रिएंट्स मिलते हैं, लेकिन ज्यादा इस्तेमाल से सिर में खुजली हो सकती है और बाल झड़ने की समस्या बढ़ सकती है। अगर आपको बालों से जुड़ी कोई बड़ी समस्या है तो पहले आप अपने डॉक्टर से सलाह लें और उनकी सलाह पर ही इसका इस्तेमाल करें। अगर आपको कैंसर या एपिलेप्सी की परेशानी है तो लगातार स्कैल्प मसाजर का इस्तेमाल न करें। वहीं अगर आपको स्कैल्प में कोई सूजन,



गांठ या कहीं कोई कट लगा है तो मसाजर का इस्तेमाल करने से परहेज करें। यह आपकी परेशानी को बढ़ा सकता।

## इस गर्मी खूब फबेगी चिकनकारी कुर्ती, बस सही से करना है स्टाइल



गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। ऐसे में पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं इस मौसम में इस बात को लेकर काफी परेशान रहती हैं कि वो ऐसा क्या पहनें, जिसे पहनकर स्टाइलिश भी दिखें और उन्हें गर्मी भी न लगे। ऐसे में महिलाओं के लिए सबसे सही विकल्प माना जाता है चिकनकारी कुर्ती। ये देखने में भी काफी अच्छी लगती है और इसे पहनकर लुक भी अच्छा दिखता है। खासतौर पर यदि इसे सही तरह से स्टाइल किया जाए तो आपका लुक और भी ज्यादा अच्छा दिख सकता है। यहां हम आपको इसी बारे में जानकारी देने जा रहे हैं, कि आप चिकनकारी कुर्ती को कैसे स्टाइल कर सकती हैं।



### सही होनी चाहिए फिटिंग

यदि आप चिकनकारी कुर्ती कैरी करना चाहती हैं तो उसकी फिटिंग का खास ध्यान रखें। यदि आपकी चिकनकारी कुर्ती ढीली या फिर टाइट होगी, तो इससे आपका लुक ही खराब दिखेगा। ऐसे में अपनी कुर्ती को सही से फिटिंग के बाद ही पहनें।



### जींस के साथ लगेगी प्यारी

यदि आप ऑफिस में चिकनकारी कुर्ती कैरी करना चाहती हैं तो उसके साथ जींस कैरी कर सकती हैं। जींस के साथ कुर्ती पहनकर आपका अंदाज काफी प्यारा लगेगा। खासतौर पर यदि आप आरामदायक लुक कैरी करना चाहती हैं तो जींस के साथ चिकनकारी कुर्ती कैरी कर सकती हैं।

### प्लाजो के साथ लगेगी प्यारी

यदि आप इसके साथ जींस कैरी नहीं करना चाहती हैं तो प्लाजो पहनें। प्लाजो के साथ यदि आप चिकनकारी कुर्ती कैरी करती हैं तो इसे पहनकर आपका लुक एकदम एथनिक लगेगा।


## हर समय नेल पॉलिश लगाकर रखना नाखूनों के लिए गलत

यदि आप हर समय नेल पॉलिश लगाकर रखती हैं तो पहले इसके नुकसान जान लें। जिस तरह से चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए मेकअप का इस्तेमाल होता है, ठीक उसी तरह से हाथों की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए महिलाएं नाखूनों पर नेल पॉलिश का इस्तेमाल करती हैं। आजकल तो बाजार में कई प्रकार की नेल पॉलिश मिलती है, जो देखने में काफी अलग और खूबसूरत लगती हैं। पर, क्या आप जानती हैं कि नेल पॉलिश के इस्तेमाल से नाखूनों को काफी नुकसान पहुंचता है।

भले ही आप कितनी भी अच्छी क्वालिटी की नेल पॉलिश इस्तेमाल करें, लेकिन वो नाखूनों को डैमेज कर ही जाती है। बहुत से लोगों को इस बारे में जानकारी नहीं है, इसी के चलते आज हम यहां आपको नेल पॉलिश लगाने के नुकसानों के बारे में बताने जा रहे हैं।

### नाखूनों को नहीं मिलता सांस लेने का समय

यदि आप लगातार नाखूनों पर नेल पॉलिश लगाकर रखेंगी तो इससे नाखूनों को सांस लेने



का समय नहीं मिलेगा। इसकी वजह से नाखून कमजोर होने लगते हैं। ध्यान रखें कि यदि आप नाखूनों को थोड़ा बिना नेल पॉलिश के रखेंगी तो इससे वो प्राकृतिक रूप से स्वस्थ्य रहेंगे।

### नाखून होंगे ड्राई

लगातार नेल पॉलिश के इस्तेमाल करने से आपके नाखूनों की नमी कम होने लगेगी। ऐसा इसलिए क्योंकि कई तरह की नेल पॉलिश में केमिकल्स जैसे टोल्यून, फॉर्मल्डेहाइड आदि तत्व पाए जाते हैं, जो नाखूनों को काफी नुकसान पहुंचाते हैं। इससे नाखूनों की नमी खत्म होने लगती है।

## गर्मी में चेहरे पर कौन सी क्रीम लगानी चाहिए, जवाब मिलेगा यहां

गर्मियों का मौसम शुरू हो गया है। ऐसे में इस मौसम में त्वचा का सही से ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। यदि इस मौसम में सही स्किन केयर प्रोडक्ट का इस्तेमाल न किया जाए तो चेहरा काफी चिपचिप करता है। इसी वजह से हर कोई अपने चेहरे का खास ध्यान रखता है। बहुत से लोग पूरी गर्मी इसी डाउट में रहते हैं कि वो किस तरह की क्रीम लगा सकते हैं, क्योंकि किसी भी तरह की क्रीम के इस्तेमाल से चेहरा चिपचिपाता ही है। इसी के चलते आज हम आपको बताएंगे कि आप कैसी क्रीम का इस्तेमाल गर्मी के मौसम में कर सकते हैं। दरअसल, कुछ क्रीम ऐसी होती हैं, जिनका इस्तेमाल गर्मी के मौसम में करना जरूरी हो जाता है। इसलिए आप भी इसका इस्तेमाल करें और अपनी त्वचा को ग्लोइंग बनाएं।

### हाइड्रेशन प्रदान करने वाली क्रीम

चाहे आपकी त्वचा ड्राई हो या फिर ऑयली, आपको हमेशा ऐसी क्रीम का इस्तेमाल करना चाहिए, जो त्वचा को हाइड्रेट रखे। दरअसल, इस मौसम में शरीर के साथ-साथ त्वचा भी डिहाइड्रेट हो जाती है, ऐसे में ऐसी



क्रीम का इस्तेमाल करें जो डिहाइड्रेशन दूर करे। बस ध्यान रखें कि आपकी ये क्रीम ऑयली नहीं होनी चाहिए। ये जेल बेस्ड होगी तो त्वचा चिपचिपी नहीं होगी।

### 40 एसपीएफ वाली सनस्क्रीन

गर्मियों के मौसम में त्वचा को धूप की हानिकारक किरणों से बचाना भी बेहद जरूरी है। इसके लिए आप 40 या 50 एसपीएफ वाली सनस्क्रीन का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे खरीदते समय अपनी स्किन टाइप का ध्यान रखें। इसके साथ ये भी जहन में रखें कि आपकी सनस्क्रीन कभी भी ऐसी नहीं होगी चाहिए, जिसको लगाने के बाद चेहरा सफेद दिखे।

### कार्नर न्यूज

### फैशन के नाम पर नो मेकअप भी पसंद करती हैं लड़कियां

## नो मेकअप लुक कैरी करते समय रखें इन बातों का ध्यान, वरना लगेंगी बेहद अजीब

शायद ही कोई ऐसी लड़की होगी, जिसे मेकअप करना पसंद नहीं होगा। अभी जब गर्मी का मौसम है, तो लड़कियां नो मेकअप लुक कैरी करना पसंद करती हैं। पर, कई बार नो मेकअप लुक कैरी करते समय वो कुछ ऐसी गलतियां कर देती हैं, जिस वजह से उनका लुक बिगड़ जाता है। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसी टिप्स देने जा रहे हैं, जिनका ध्यान आपको नो मेकअप लुक कैरी करते समय रखना चाहिए।

### हैवी बेस की जरूरत नहीं

यदि आप नो मेकअप लुक कैरी कर रही हैं तो ध्यान रखें कि आपको किसी तरह के हैवी बेस की जरूरत नहीं है। नो मेकअप लुक को कैरी करते समय सिर्फ बीबी या सीसी क्रीम का इस्तेमाल करें। ये आपकी त्वचा की रंगत को समान बनाए रखेगा और हल्का सा कवरेज भी देगा।

### स्किन टोन का ध्यान जरूर रखें

यदि आप नो मेकअप लुक कैरी करना चाहते हैं तो इसमें जो भी




मेकअप प्रोडक्ट इस्तेमाल करें, वो आपकी स्किन टोन के होने चाहिए। गलत शेड्स या ओवर-मैचिंग से यह लुक नाजुक या अजीब लग सकता है।

### डार्क हैवी ब्लश इस्तेमाल नहीं करें

अब ब्लश का इस्तेमाल करते समय इस बात का ध्यान रखें कि हैवी ब्लश आपके नो मेकअप लुक को बिगाड़ सकता है। इसलिए कोशिश करें कि ब्लश आपकी स्किन टोन के हिसाब से ही हो, ताकि आपका लुक नेचुरल लगे। ज्यादा डार्क ब्लश आपके लुक को बिगाड़ सकता है।

### लाइनर से रहें दूर

अपने नो मेकअप लुक के साथ यदि काजल लगा रही हैं तो उसे सही से स्मज कर लें। इसके अलावा डार्क आईशैडो की जगह हमेशा ऐसी आईशैडो इस्तेमाल करें जो न्यूड शेड में हो। इसके इस्तेमाल से पहले आंखों के ऊपर कंसीलर का



इस्तेमाल कर लें, ताकि आपका लुक अच्छा दिखे। नो मेकअप लुक में आपको आई लाइनर की जरूरत नहीं है।

### बोल्ड लिप्स को करें बाय

भले ही आपको कितने भी बोल्ड लिप्स पसंद हों लेकिन नो मेकअप लुक के साथ लिप्स को लाइट ही रखें। इसके लिए न्यूड शेड वाली लिपस्टिक इस्तेमाल करें। नो मेकअप लुक में यदि आप डार्क शेड की लिपस्टिक लगाएंगी तो आपका लुक बिगड़ जाएगा।